उज्जैन
मंगलवार
10
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-125
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



आयशा खान बोलीं- हर दिन मिलती हैं रेप की धमकियां धुरंधर एक्ट्रेस ने कहा-मेरे पीरियड्स पर गाना शूट करना एक नेशनल जोक बन गया

पेज- 8

## नेपाल चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद मोदी ने रबी लामिछाने और बालेन्द्र शाह से की बातचीत

**नई दिल्ली।** नेपाल में हाल ही में हुए चुनावों में बड़ी राजनीतिक जीत के बाद भारत और नेपाल के संबंधों को लेकर एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहल सामने आई है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नेपाल की प्रमुख राजनीतिक पार्टी राष्ट्रिय स्वतन्त्र पार्टी के अध्यक्ष रबी लामिछाने और पार्टी के वरिष्ठ नेता बालेन्द्र शाह से फोन पर बातचीत कर उन्हें चुनावी सफलता के लिए बधाई दी। इस बातचीत को भारत और नेपाल के बीच भविष्य के संबंधों के लिए महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देखा जा रहा है। नेपाल के हालिया चुनावों में राष्ट्रिय स्वतन्त्र पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजनीतिक परिदृश्य में बड़ी जीत दर्ज की है।



## राज्यसभा चुनाव से पहले 26 नेता निर्विरोध निर्वाचित

**नई दिल्ली।** दस राज्यों की 37 सीटों के लिए हो रहे राज्यसभा चुनाव में सात राज्यों के 26 उम्मीदवार बिना मुकाबले के ही निर्वाचित हो गए हैं। इनमें एनसीपी (शरद) प्रमुख शरद पवार, कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। कई राज्यों में विपक्षी दलों ने उम्मीदवार नहीं उतारे, जिसके कारण ये नेता बिना मतदान के ही राज्यसभा पहुंच गए। हालांकि बिहार, ओडिशा और हरियाणा की 11 सीटों पर मुकाबला होना तय है। इन राज्यों में अतिरिक्त उम्मीदवार मैदान में होने के कारण चुनाव कराया जाएगा।

## पीएम मोदी ने अमेरिका के साथ समझौता कर लिया

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में आज पश्चिम एशिया में जारी संकट को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में घमासान देखने को मिला है। विदेश मंत्री की तरफ से सदन में पश्चिम एशिया में व्याप्त संकट पर बयान दिया गया। लेकिन इसके बाद से विपक्ष सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, 'पश्चिम एशिया संकट से कितना नुकसान होगा? एक बड़े बदलाव की लड़ाई चल रही है। इससे हमारी अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान होगा। आपने शेयर बाजार देखा। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका के साथ समझौता कर लिया है। देश को बड़ा झटका लगने वाला है। तो फिर इस पर चर्चा करने में उन्हें क्या दिक्कत है?



## लव मैरिज के बाद घर में मिली विवाहिता की लाश

**जयपुर।** राजस्थान क्राइम फाइल्स में आज चूरू का 3 साल पुराना केस। 3 अगस्त 2022 को सुबह दस बजे अरमान हर रोज की तरह अपनी बहन से मिलने उसके घर गया। गेट बंद था। आवाज लगाने पर भी किसी ने नहीं खोला। न ही अंदर से कोई आवाज आई। एक बार तो ऐसा लगा कि घर में कोई नहीं है, फिर गौर किया तो गेट के ताला नहीं था। मतलब गेट अंदर से बंद था। अरमान को लगा कुछ गड़बड़ है। वह मकान के पीछे के गेट की ओर बढ़ा। घर के पीछे का गेट खुला हुआ था। अरमान देरी न करते हुए तेजी से आगे बढ़ा। घर के अंदर जाते ही अरमान की आंखों के सामने उसकी बहन का शव पड़ा था।

### गुरुग्राम में सोसाइटी की दीवार गिरी

# 7 मजदूरों की मौत

## 3 गंभीर रूप से घायल, कुछ लोगों के दबे होने की आशंका

ब्रह्मास्त्र ›› गुरुग्राम

गुरुग्राम में सोमवार रात ग्लोबल सिग्नेचर सोसाइटी में निर्माणाधीन प्रोजेक्ट की दीवार गिर गई। इस हादसे में 7 मजदूरों की मौत हो गई। 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों और घायलों को राजस्थान के भिवाड़ी जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही बिलासपुर थाना पुलिस और एसडीआरएफ मौके पर पहुंची।

मिट्टी और मलबे में अभी भी लोगों के दबे होने की आशंका है। टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए हुए है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि हादसा कैसे हुआ। पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं और मामले की जांच कर रहे हैं।



घटना के बाद बिल्डर ने सोसाइटी के मेन गेट पर बाउंसर खड़े कर दिए हैं, किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया जा रहा।

### एसटीपी का काम चल रहा था

जानकारी के मुताबिक, ग्लोबल सिग्नेचर सोसाइटी में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम चल रहा था। रात 8 बजे अचानक बेसमेंट में मिट्टी की दीवार गिर गई। इसमें 10 मजदूर दब गए। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद दूसरे मजदूरों ने राहत बचाव का कार्य शुरू किया। सूचना पर पुलिस की टीमें भी मौके पर पहुंचीं। इसके बाद मिट्टी और मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला गया।

# देवास रोड पर नई कार टकराई



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कल रात देवास रोड पर काले रंग की एक नई कार फिल्मी स्टाइल मे तीन बत्ती चौराहे से धड़धड़ाती आई और आगे चलकर दुर्गाप्लाजा के सामने एक पुलिया से टकराकर लोहे के गेट से टकराकर रूकी। इस दौरान सामने कोई वाहन न आया अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता। चालक ने बताया कि लगभग सात दिन पूर्व ही व्यवसायिक वाहन मेले से कार खरीदी थी और वे देवासरोड पर जा रहे थे कि अचानक घबराहट मे ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दब गया और कार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कोई को चोट नही लगी। इसी दौरान कार के एअर बैग भी खुल गए। दुर्गाप्लाजा के सामने लोगो का मजमा लगा रहा।

**ट्रैफिक पुलिस की कोताही-** यातायात पुलिस के ढीले रवैये के कारण शहर मे कई नौसिखिया कार व अन्य वाहन दौड़ाते रहते हैं जिनमे न तो लर्निंग के संकेतक लगे हैं और न ही वाहन निर्धारित रफ्तार से चल रहे हैं। इनकी गति की जांच और रोकथाम की व्यवस्था न होने से शहर मे सदैव दुर्घटनाओ का खतरा मंडरा रहा है।

# ईरान जंग- पाकिस्तान में तेल महंगा, स्कूल बंद

## मंत्रियों की सैलरी-विदेश दौरे रोके, सरकारी दफ्तर हफ्ते में 4 दिन खुलेंगे, कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम

ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को बढ़ती तेल कीमतों को देखते हुए खर्चों में कटौती योजना का ऐलान किया है। इसके तहत सरकारी दफ्तर हफ्ते में सिर्फ चार दिन खुलेंगे और आधे कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम करेंगे। इस हफ्ते के अंत से स्कूल दो हफ्तों के लिए बंद रहेंगे। पाकिस्तानी न्यूज चैनल जियो न्यूज के मुताबिक, मंत्रियों और सलाहकारों के विदेश दौरे रोक दिए गए हैं। मंत्री दो महीने तक वेतन नहीं लेंगे और सांसदों की सैलरी में 25% की कटौती होगी। वहीं, पाकिस्तान में अब दो महीने तक सरकारी गाड़ियों को 50% कम ईंधन मिलेगा। 60% सरकारी वाहन नहीं चलेंगे। सभी सरकारी विभाग अपने खर्च में 20% कटौती करेंगे। शरीफ ने कहा कि अमेरिका-इजराइल-ईरान संघर्ष की वजह से कच्चे तेल की कीमत 60 डॉलर से बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा हो गई है।

# महाकाल मंदिर के सिक्योरिटी गार्ड ने चलाई गोली

## जन्मदिन की पार्टी के दौरान किया हर्ष फायर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

रतलाम जिले के आलोट में बर्थडे पार्टी के दौरान हर्ष फायरिंग की घटना सामने आई है। फायरिंग के दौरान गोली आसमान की बजाय सामने की ओर चल गई और पड़ोस में रहने वाले युवक को लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गोली चलाने वाला युवक महाकाल मंदिर का सिक्योरिटी गार्ड बताया जा रहा है।

घटना सोमवार रात आलोट नगर के प्रमिलागंज इलाके की है। यहां रहने वाला श्याम नायक पिता अमर सिंह अपना जन्मदिन मना रहा था। बताया जा रहा है कि वह शराब के नशे में था। इसी दौरान उसने अपनी लाइसेंसी बंदूक से हर्ष फायर कर दिया।



गोली मकान के पास खड़े रोहित (18) पिता कालू नायक के दोनों पैरों की पिंडलियों में लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी श्याम नायक को हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ की जा रही है और उसका मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है।

### महाकाल मंदिर में सिक्योरिटी गार्ड है आरोपी

आलोट थाना प्रभारी मुनेंद्र गौतम ने बताया कि गोली चलाने वाला युवक उज्जैन के महाकाल मंदिर में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम करता है। वह अपने घर पर जन्मदिन मना रहा था। इसी दौरान हुए हर्ष फायर में पड़ोसी युवक घायल हो गया। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

# हर घंटे में 8 साइबर क्राइम के मामले दर्ज

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी हर घंटे औसतन 8 साइबर क्राइम के मामले दर्ज हो रहे हैं। अगर हिसाब लगाया जाए तो रोज लगभग 190 लोग साइबर फ्रॉड का शिकार हो रहे हैं। 2025 में पहले छह महीनों में ही कुल 34021 साइबर अपराध के केस सामने आए हैं, जबकि यह आंकड़ा 2021 के मुकाबले कई गुना ज्यादा है, जब पूरे साल में सिर्फ 13768 मामले दर्ज हुए थे। साल 2021 से 2025 तक का साइबर ठगी का ग्राफ अब आसमान छू रहा है।

> गिने-चुने लोगों को ही वापस मिलती है ठगी की रकम

सरकारी रिपोर्ट के अनुसार 2022 में 26053, 2023 में 52846 और 2024 में 68,578 मामले सामने आए थे। 2025 में जनवरी से जून माह तक ही 34,021 एफआईआर दर्ज की जा चुकी है, जो साल के अंत के फाइनल आंकड़ों में 70 हजार से अधिक हो सकती हैं। ये वे मामले हैं जिनकी जानकारी केंद्र सरकार द्वारा राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से दी गई है।

राज्यसभा में पेश किए गए इन आंकड़ों के अनुसार ये मामले मुख्य रूप से फिशिंग, ओटीपी स्कैम, फर्जी जॉब ऑफर, शेयर मार्केट, निवेश घोटाले, डिजिटल अरेस्ट और सोशल मीडिया पर होने वाले अन्य फर्जीवाड़ों से जुड़े हैं। पुलिस के अनुसार इस तरह के मामले प्रदेश के महानगरों भोपाल-इंदौर से लेकर छोटे कस्बों तक तेजी से सामने आ रहे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि पुलिस इन मामलों को सुलझाने में जूझ रही है। राज्य साइबर सेल में इस तरह के अपराधों की जांच करने वाले ट्रेंड अधिकारी बहुत कम हैं। स्टेट साइबर सेल के साथ ही जिलों की साइबर सेल में भी केवल डिजिटल और साइबर स्कैम की जांच करने वाले अफसरों की संख्या 500 से भी कम है. ऐसे में यही अधिकारी हजारों शिकायतों की जांच का बोझ उठा रहे हैं। इन मामलों में सबसे ज्यादा मुश्किल तब आती है जब ठगी को अंजाम देने वाला गिरोह अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय होता है।



## खबर एक नजर...

### पहले बाइक को मारी टक्कर फिर देने लगे धमकी

**उज्जैन।** इंगोरिया के ग्राम गोरावदा में रहने वाला कालू पिता भैरूलाल गुर्जनर सोमवार सुबह बड़नगर तहसील के सिटी अस्पताल परिचित से मिलने गया था। उसने अपनी बाइक अस्पताल पार्किंग में खड़ी की। इस दौरान दूसरी बाइक से आये युवकों ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक गिरने पर इंडीकेटर, मास्क टूट गया। कालू गुर्जर ने नुकसान होने की बात कहीं तो टक्कर मारने वाले बाइक सवारों ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। कालू ने अपने साथ हुई मारपीट और गाड़ी में नुकसान की शिकायत बड़नगर थाने पहुंचकर दर्ज कराई। मारपीट करने वाले अज्ञात थे, जिनका पता पुलिस अस्पताल परिसर में लगे कैमरों के माध्यम से लगा रही है।

### राज रॉयल कालोनी में विवाद के बाद महाआरती

**उज्जैन।** भारत-न्यूजीलैंड के बीच टी-20 फायनल मुकाबले में भारत के विश्व विजेता बनने पर आतिशबाजी के दौरान राज रॉयल कालोनी में रविवार-सोमवार रात 2 समुदाय के बीच विवाद हो गया था। पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज किया था। वहीं सोमवार शाम हिन्दूवादी संगठन ने कालोनी में पहुंच हनुमान मंदिर पर महाआरती की। इस दौरान पुलिस बल तैनात रहा। चिमनगंज थाना क्षेत्र की राज रॉयल कालोनी में बीती रात भारत की जीत का जश्न मनाने के दौरान पटाखे चलाने की बात पर हाड़ा परिवार और खान परिवार के बीच विवाद हो गया था। दोनों पक्ष आमने-सामने हो गये थे और जमकर लाठी-डंडे चले। दोनों ओर से करीब 8 से 10 लोग घायल हो गये। जिसमें महिला, बच्चे भी शामिल थे। मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा विवाद किये जाने की खबर मिलने पर हिन्दूवादी संगठन राज रॉयल कालोनी पहुंच गया था। विवाद गरमाने पर पुलिस ने मामला शांत कराया था और दोनों पक्षो की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया था। हिन्दू संगठन ने रात में थाने का घेराव भी किया और कहा कि राज रॉयल में पहले भी दुर्गा स्थापना के दौरान वर्ग विशेष के लोगों ने विरोध करते हुए विवाद किया था। रात में मामला शांत होने के बाद सोमवार शाम हिन्दूवादी संगठन कालोनी में हनुमान मंदिर पर महाआरती करने पहुंच गया। आरती किये जाने की जानकारी मिलने पर तत्काल ही पुलिस बल भी राज रॉयल कालोनी पहुंचा और सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। आरती के बाद रहवासी औ हिन्दू संगठन लौट गया। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया के अनुसार आरती के दौरान किसी प्रकार का वाद-विवाद नहीं रहा।

### उज्जैन नगर निगम सम्मेलन में 7 प्रस्ताव पास

**उज्जैन।** उज्जैन नगर निगम के विशेष सम्मेलन में सोमवार को 7 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। निगम अध्यक्ष कलावती यादव की अध्यक्षता में हुए इस सम्मेलन में महाकाल लोक परिसर में बने नए सेतु का नाम 'अशोक सेतु' रखने का निर्णय लिया गया। इस विशेष सम्मेलन में महापौर मुकेश टटवाल, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा और नगर निगम के पार्षद रहे। बैठक में कार्यसूची के विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा के बाद सभी 7 प्रस्तावों को स्वीकृति मिली। सम्मेलन में श्री महाकाल लोक परिसर में नवनिर्मित सेतु का नाम 'अशोक सेतु' रखने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। इसके अतिरिक्त, वी.डी. मार्केट तेलीवाड़ा से ढाबा रोड होते हुए छोटी पुलिया तक सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित होने वाले भवनों के मालिकों को मुआवजा देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। मध्यप्रदेश आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के तहत शहर में आउटडोर मीडिया डिवाइस लगाने के लिए अनुज्ञप्ति शुल्क भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना के तहत आगर रोड वार्ड 3 में सामुदायिक भवन के निर्माण स्थल परिवर्तन और जर्जर भवन को तोड़ने से संबंधित प्रस्ताव को एमआईसी को पुनः भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में मेसर्स सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन, भोपाल द्वारा सीएसआर गतिविधि के तहत उज्जैन शहर में पांच अत्याधुनिक सार्वजनिक शौचालय कॉम्प्लेक्स के निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली।

---

### सीएम के मंच के पास रंगपंचमी गेर में धमाका, चाइना पटाखा बम की तरह फटा, 8 घायल

# इवेंट कर्मचारी समेत 3 पर एफआईआर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में रंगपंचमी पर रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई। यहां सिंधी कॉलोनी चौराहा के पास श्रीकृष्ण-सुदामा रंगोत्सव गेर में मुख्यमंत्री जिस मंच पर मौजूद थे, उससे महज 15 फीट की दूरी पर जोरदार धमाका हो गया।

गेर के दौरान भीड़ के बीच सड़क के डिवाइडर के पास किसी ने कलर स्मोक स्काई शॉट पटाखा फोड़ दिया। इससे तेज धमाका हुआ और अफरा-तफरी मच गई। कई लोग घबराकर गिर पड़े। कुछ देर के लिए भगदड़ जैसे हालात बन गए।

घटना में एक मीडियाकर्मी, बीजेपी के मंडल अध्यक्ष समेत 8 लोग घायल हो गए। सभी का निजी अस्पताल में इलाज कराया गया। दो गंभीर घायलों को इंदौर रेफर किया गया है। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और एसपी प्रदीप शर्मा अस्पताल पहुंचे और घायलों से मुलाकात की। नीलगंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी की पहचान कर ली जाएगी। जिस धमाके की बात कही जा रही है, वह चाइना मेड मल्टी शॉट फायरवर्क था। इसे रिमोट के जरिए चलाया जाता है।





**पुलिस ने तीन लोगों पर केस दर्ज किया-** सीएम के कार्यक्रम के दौरान हुए धमाके के मामले में पुलिस ने इवेंट का काम करने वाले मुजीब नागोरी, शाकिर नागोरी और शानवाज निवासी शिकारी गली के खिलाफ लापरवाही बरतने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

#### घटना में ये हुए घायल

- वीरेंद्र आंजना, बीजेपी मंडल अध्यक्ष, जमालपुरा
- रघुवीर सिंह गोयल (61) निवासी फाजलपुरा
- राजेंद्र भाटिया (57) निवासी अवंतिपुरा
- देवेंद्र चौहान (38) निवासी वसंत विहार
- जितेंद्र कीर निवासी महालक्ष्मी नगर
- आशीष धोलपुरे निवासी महावीर बाग
- प्रशांत यादव (36)
- गोपाल जाट

घायल मीडियाकर्मी प्रशांत यादव ने बताया कि रविवार सुबह करीब 11 बजे सिंधी कॉलोनी चौराहा से लगभग 200 मीटर पहले श्रीकृष्ण-सुदामा गैर की शुरूआत होने वाली थी। रंग-गुलाल खेलने के लिए हजारों लोग वहां जमा थे। करीब 10 मिनट बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंच पर पहुंचे। उनका स्वागत चल रहा था, इसी बीच डिवाइडर के नजदीक जोरदार धमाका हुआ। ब्लास्ट इतना तेज था कि कुछ पल के लिए आंखों के सामने अंधेरा छा गया। चारों तरफ धुआं फैल गया। लोगों की चीख-पुकार सुनाई देने लगी। धुआं कम होने पर देखा कि कई लोग अपने कपड़ों में लगी आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे। कुछ घायल हालत में भीड़ से दूर भाग रहे थे।

जहां धमाका हुआ, उस जगह के सबसे करीब राजेंद्र भाटिया और वीरेंद्र आंजना थे। उनके हाथ, पेट और चेहरे तक झुलस गए। दोनों को निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोपहर करीब 1:45 बजे इंदौर रेफर किया गया।

#### चाइना मेड मल्टी शॉट फायरवर्क में हुआ धमाका

- श्रीकृष्ण सुदामा गेर में शामिल होने पहुंचे सीएम से महज 15 फीट की दूरी पर हुए धमाके में पता चला कि जिस धमाके की बात कही जा रही है, वह चाइना मेड मल्टी शॉट फायरवर्क था।
- इसे रिमोट के जरिए चलाया जाता है। एक बार में करीब 25 से 30 शॉट फायर होते हैं। इसमें रंगीन रोशनी, धुआं और धमाका भी होता है। कार्यक्रम के दौरान इसी मल्टी शॉट फायरवर्क में धमाका हुआ था।
- आमतौर पर इसे बड़े कार्यक्रमों, शादी समारोह या किसी इवेंट में स्टेज पर लगाया जाता है। लेकिन रविवार को गेर के दौरान आयोजन समिति के इवेंट मैनेजर ने इसे सड़क पर रखकर चला दिया।
- वीडियो में ब्लास्ट के बाद तीन मल्टी शॉट फायरवर्क दिखाई दे रहे हैं। धमाका एक साथ फूटने की वजह से हुआ। यानी करीब 75 शॉट बारी-बारी से चलने थे, लेकिन वे एक साथ ही फट गए, जिससे कार्यक्रम के दौरान तेज धमाका हो गया।


---

## शासकीय कार्यालय बना दारू का अड्डा









ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन क्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन में 8 मार्च रंग पंचमी के दिन कुछ अज्ञात लोग क्षेत्रीय कार्यालय में दारू का सेवन कर रहे थे। क्षेत्रीय प्रबंधक इस बात का जवाब दें इस प्रकार कि गैर कानूनी गतिविधियां इस कार्यालय में क्यों चल रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के जिले में उन्होंने दारु को प्रतिबंधित कर रखा है परंतु सरकारी कार्यालय में दारू का सेवन चल रहा है। क्षेत्रीय प्रबंधक उदय सिंह मौर्य से इस विषय पर पूछा गया कि यहां कोई परमानेंट कर्मचारियों क्यों नहीं है तो उनका जवाब बहुत हास्यप्रद था उन्होंने कहा कि हमारे यहां के परमानेंट सीसीएच कर्मचारी को सरकारी क्वार्टर में रहने की आदत नहीं है उनको बड़े-बड़े घरों में रहने की आदत है। वह इस सरकारी क्वार्टर में नहीं रह पाएंगे। यह सब सुनने में हास्यप्रद लगता है। एक क्षेत्रीय प्रबंधक जो संभागीय अधिकारी है इस तरह का जवाब दें यह अपने आप में शर्मनाक है, शासन इस तरफ ध्यान दे जांच बिठाकर कार्यवाही करें।

## उज्जैन के क्रिकेट खिलाड़ी आरूष का मुम्बई में तिहरा नाबाद शतक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आई. बी. एस. क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष शुभमंगल सेठी के अनुसार मुम्बई में खेली जा रही एम.सी.सी. प्रो फोर्टी डेज लीग टूर्नामेंट में उज्जैन के आरूष अग्रवाल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 305 रनों का नाबाद योगदान कर अपनी टीम को विजयी बनाया।

इन्होंने 58 चौके व छक्के की मदद से 305 रन बनाये व मेन ऑफ दी मेच का पुरस्कार प्राप्त किया। सेठी के अनुसार मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य, पूर्व चयन समिति के सदस्य सलीम खान द्वारा अकादमी के अच्छे खिलाडियों के इंदौर, मुम्बई, भोपाल व अन्य जगह से खिलाकर उन्हें अच्छे अवसर प्रदान करने का प्रयास करते है। पूर्व में देवेन्द्र बुंदेला व कई



खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक भेज चुके है। अकादमी के कुछ खिलाड़ी बाहर खेलकर अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। अमन अली रणजी ट्राफी में नेट बॉलर के रूप में खेल रहे है। विराट माहेश्वरी मुम्बई, राजवीर गामी इन्दौर के क्लब क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। सेठी के अनुसार इस वर्ष समर क्रिकेट केम्प में 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक के करीबन 400 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जावेगा।

---

### सड़क चौड़ीकरण से परेशानी, कांग्रेस ने उज्जैन निगम घेरा

# दोगुना मुआवजा और चौड़ाई कम करने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सड़क चौड़ीकरण के काम से हो रही परेशानियों को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम का घेराव किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि लगातार खुदाई के कारण आम लोगों, दुकानदारों और रहवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने कोयला फाटक से नगर निगम तक पैदल मार्च किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के इस्तीफे की मांग भी उठाई गई।




मुकेश भाटी ने आरोप लगाया कि शहर के कई क्षेत्रों में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर लगातार खुदाई की जा रही है, जिससे आम नागरिकों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़कों पर धूल और अव्यवस्था के कारण आसपास के दुकानदारों का व्यापार प्रभावित हो रहा है, वहीं रहवासी भी परेशान हैं।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जिन लोगों की संपत्तियां इस चौड़ीकरण कार्य में प्रभावित हो रही हैं, उन्हें अब तक उचित मुआवजा नहीं दिया गया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि प्रस्तावित मार्गों की चौड़ाई को कम किया जाए और प्रभावित लोगों को बाजार मूल्य से दोगुना मुआवजा दिया जाए।

साथ ही पीपली नाका और एमआर-4 रोड पर चल रहे चौड़ीकरण कार्य से प्रभावित रहवासियों और व्यापारियों को राहत देने की भी मांग उठाई गई। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो पार्टी जनहित में आगे भी आंदोलन जारी रखेगी। उन्होंने नगर निगम के गेट पर ज्ञापन भी सौंपा।

नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने बताया कि जितने भी चौड़ीकरण के काम चालू हैं, पूरे क्षेत्र के हर चौड़ीकरण मार्ग के रहवासियों और व्यापारियों का विरोध इस बात के लिए है कि उनके मार्गों की चौड़ाई को कम किया जाए।

उज्जैन
मंगलवार
10
मार्च, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

सत्येन पूयते साक्षी धर्मः सत्येन वर्धते।
तस्मात् सत्यं हि वक्तव्यं सर्ववर्णेषु साक्षिभिः।।
अर्थः सत्य के वचन से बुद्धि की शुद्धि होती है, सत्य से धर्म की वृद्धि होती है। इसलिए साक्षी को सभी वर्णों में सत्य बोलना चाहिए।

## खबर एक नजर...

### युवती से अश्लील कमेंट का विरोध किया, घर पर किया पथराव

**इंदौर।** इंदौर के बाणगंगा इलाके में युवती से अश्लील कमेंट करने का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि बदतमीजी का विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित परिवार के घर पर पथराव कर दिया जिससे घर के शीशे फूट गए और बीच सड़क पर खड़े होकर धमकियां दीं। हैरानी की बात यह है कि घटना के सीसीटीवी फुटेज और धमकाने के वीडियो होने के बावजूद पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने की बजाय सिर्फ एनसीआर काटकर पीड़ित परिवार को थाने से लौटा दिया। एक युवती की शिकायत पर पुलिस ने बाबी और उसके साथी ऋषि कुशवाह के खिलाफ एनसीआर काटी है। दोनों ने अश्लील कमेंट किए और बदतमीजी की। युवती ने इसका विरोध किया तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। कुछ देर बाद युवती के परिवार के लोग भी मौके पर पहुंचे। आरोपियों ने उन्हें भी अपशब्द कहे और खुलेआम धमकाते हुए सड़क पर हंगामा किया। परिवार का आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने उनके घर पर पथराव भी किया। घटना के कुछ वीडियो और आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद हैं, लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज नहीं किया।

### सिमरोल पुलिस ने 2 मंदिर चोरों को पकड़ा, पीतल के घंटे और लोटा बरामद

**इंदौर।** सिमरोल पुलिस ने मंदिरों को निशाना बनाने वाले दो शातिर चोरों को पकड़ा है। ये आरोपी मंदिरों से पीतल के घंटे और दूसरा सामान चुराते थे। पुलिस ने इनके पास से चोरी का माल और वारदात में इस्तेमाल की गई बिना नंबर की स्कूटी भी बरामद कर ली है। पुलिस के मुताबिक, 12 फरवरी 2026 को चोरल स्थित परमहंस आश्रम के शिव मंदिर का ताला तोड़कर दो पीतल के घंटे चोरी हुए थे। इसके बाद 4 मार्च को मेंदी गांव के हनुमान मंदिर से भी दो छोटे घंटे और एक लोटा चोरी हो गया था। इन दोनों वारदातों के बाद सिमरोल थाने में केस दर्ज किया गया था। मंदिरों में लगातार हो रही चोरियों को देखते हुए पुलिस ने एक स्पेशल टीम बनाई। टीम ने जब इलाके के सीसीटीवी कैमरों की जांच की, तो उन्हें दो युवक बिना नंबर की स्कूटी पर घूमते हुए संदिग्ध नजर आए। इसके बाद 8 मार्च को पुलिस ने घेराबंदी करके दोनों को धर दबोचा। पूछताछ में उन्होंने चोरी की बात मान ली। पकड़े गए आरोपियों के नाम राहुल (30 साल), निवासी ग्राम गुजरा और राज (21 साल), निवासी ग्राम कड़रिया हैं।

### इंदौर में डेंटिस्ट महिला डॉक्टर से रेप, सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती

**इंदौर।** शहर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में रहने वाली एक डेंटिस्ट महिला डॉक्टर ने भोपाल निवासी युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 34 वर्षीय पीड़िता लसूड़िया इलाके में रहती है और पेशे से डेंटिस्ट है। उसने शिकायत में बताया कि करीब दो साल पहले उसकी पहचान भोपाल के लालघाटी निवासी विवेक पुत्र विवेक जैन से सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू हुई और संपर्क बढ़ता गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि दोनों पहले से शादीशुदा थे और अपनी-अपनी पहली शादी खत्म होने के बाद नए जीवनसाथी की तलाश में थे। इसी दौरान विवेक ने उससे शादी करने की बात कही। महिला के हामी भरने के बाद आरोपी कई बार इंदौर आया और शादी का भरोसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। महिला का आरोप है कि पिछले करीब आठ महीनों से आरोपी शादी का वादा कर उससे संबंध बना रहा था।

---

### कमिश्नर को पीड़िता ने बताई आपबीती; आरोपी के पिता हैं भाजपा पदाधिकारी और सरपंच

# कैफे संचालक के खिलाफ रेप-धर्मांतरण की एफआईआर

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



इंदौर के महिला थाने में डिजिटल मार्केटिंग से जुड़ी एक युवती की शिकायत पर फरहान पिता शफुद्दीन शेख, निवासी बुढानिया के खिलाफ दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। फरहान के पिता हातोद क्षेत्र के बुढानिया में भाजपा से सरपंच और अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी हैं, जबकि फरहान खुद एक कैफे संचालित करता है।

विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी संतोष और सागर के साथ पीड़िता पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह से मिलीं और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़िता ने कमिश्नर के सामने अपनी आपबीती बताई। इसके बाद उसे महिला थाने भेजा गया। अब मंगलवार को पीड़िता के न्यायालय में धारा 164 के तहत बयान दर्ज किए जाएंगे। इसके बाद मामले में आगे की कार्रवाई होगी।

**कैफे की आड़ में युवतियों से बनाता था संपर्क-** आरोप है कि फरहान कैफे की आड़ में युवतियों से संपर्क बनाकर उनका शोषण करता था। सूत्रों के मुताबिक आरोपी के मोबाइल फोन में कई युवतियों के साथ आपत्तिजनक वीडियो होने की बात सामने आई है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

पहले भी हिंदूवादी संगठनों ने एक अन्य थाने में उसके मोबाइल का डाटा पुलिस को सौंपा था, लेकिन उस समय मामले में गंभीर कार्रवाई नहीं हुई और आरोपी बच निकला।

#### पहले भी विवादों में आ चुका है आरोपी

जानकारी के मुताबिक फरहान का नाम पहले भी रीवा की एक युवती के साथ अश्लील हरकत और दुष्कर्म के आरोप में सामने आया था। उस समय हिंदूवादी संगठन गांधी नगर थाने पहुंचे थे, लेकिन बाद में युवती ने अपने बयान बदल दिए थे। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की थी। तब भी उसके मोबाइल की जांच को लेकर पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठे थे।

#### जादू-टोने के भी लगे थे आरोप

फरहान पर जादू-टोने को लेकर भी आरोप लग चुके हैं। रीवा की युवती पर तांत्रिक क्रिया कराने के आरोप में उसके कुछ वीडियो वायरल हुए थे। मोबाइल से कुछ रिकॉर्डिंग भी सामने आई थीं। हालांकि बाद में युवती ने आरोप लगाने के बाद इंदौर छोड़ दिया और अपने माता-पिता के पास रीवा चली गई।

---

# महंगी जमीन बनी बाधा, इंदौर में घटे संपत्ति सौदे

### गिरावट के बाद भी 2250 करोड़ का रेवेन्यू, माह अंत तक 2700 करोड़ का अनुमान

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मध्यप्रदेश की वाणिज्यिक राजधानी इंदौर में कभी तेजी पर रहा रियल एस्टेट बाजार अब ठंडा पड़ता नजर आ रहा है। स्टाम्प और रजिस्ट्रार विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इस वर्ष अब तक संपत्ति रजिस्ट्रेशन (सेल डीड) में लगभग 10 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इससे कुल संपत्ति लेन-देन मूल्य में अनुमानित 4,000 करोड़ रुपए की कमी आई है।

राजस्व विभाग के अनुसार अब तक 68,700 सेल डीड दर्ज की गई हैं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 78,500 रजिस्ट्रेशन हुए थे। यानी करीब 10,000 रजिस्ट्रेशन कम हुए, जिससे राज्य सरकार के राजस्व पर सीधा असर पड़ा है। बावजूद इसके जमीन के सरकारी मूल्यांकन में वृद्धि की तैयारी है। वृद्धि का दायरा 10% से 200% तक रहने का अनुमान है।

**10,000 पंजीयन होने पर 400 करोड़ अतिरिक्त मिलते-** सीनियर रजिस्ट्रार अमरेश नायडू ने बताया कि



यदि ये 10,000 पंजीयन पूरे होते तो लगभग 400 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होता। विभाग संपत्ति मूल्य पर औसतन 10 % (स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन शुल्क सहित) वसूलता है। इस आधार पर करीब 4,000 करोड़ रुपए के संपत्ति सौदों में गिरावट दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में प्रति रजिस्ट्रेशन औसत संपत्ति मूल्य करीब 50 लाख रुपए था, जो इस वर्ष घटकर लगभग 42 लाख रुपए रह गया है।

**महंगी दरें बनीं बड़ी वजह-** अधिकारियों के अनुसार कई क्षेत्रों में संपत्ति की कीमतें काफी हद तक पहुंच गई हैं। वर्तमान में दरें 5,000 रुपए प्रति वर्गफीट से शुरू होकर प्रीमियम इलाकों में 30,000 रुपए प्रति वर्गफीट तक जा रही हैं। कोविड-19 के बाद निवेश में आई तेजी अब कम हो गई है। ऊंची कीमतों के कारण खरीदारों और निवेशकों की रुचि कम हुई है। खास बात यह गिरावट के बावजूद विभाग अब तक 2,250 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित कर चुका है और 31 मार्च तक 2,700 करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है।

**विशेषज्ञों ने बताए अन्य कारण-** इस वित्तीय वर्ष के लिए कलेक्टर गाइडलाइन काफी अधिक रखी गई है, जबकि स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन शुल्क पहले से ही 10 प्रतिशत या उससे अधिक है, जिससे संपत्ति और महंगी हो रही है। इस वर्ष सोना और चांदी में बेहतर रिटर्न मिलने के कारण निवेशकों का रुझान कीमती धातुओं की ओर बढ़ा है, जिससे रियल एस्टेट बाजार में सुस्ती आई है।

**आने वाले वर्ष में गाइडलाइन दरों में बड़ी वृद्धि की तैयारी-** बिक्री में गिरावट के बावजूद जमीन के सरकारी मूल्यांकन में वृद्धि की तैयारी की जा रही है। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए कलेक्टर गाइडलाइन तैयार की जा रही है।

---

# छात्र के डीप फेक वीडियो मामले में आरोपियों की तलाश

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में 10वीं के छात्र के डीप फेक वीडियो मामले में क्राइम ब्रांच की जांच जारी है। टीम आरोपियों की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल एविडेंस जुटा रही है। संभवतः आगामी दिनों में टीम आरोपियों की तलाश में शहर से बाहर जा सकती है।

दरअसल, कुछ दिनों पहले 10वीं के छात्रा के माता-पिता ने क्राइम ब्रांच में मामले की जानकारी दी थी। पेरेंट्स की जानकारी के बाद क्राइम ब्रांच ने उनके बयान दर्ज कर इस मामले में जांच शुरू की थी। जांच में कई बातें क्राइम ब्रांच के सामने आ चुकी है, जिसके आधार पर टीम आगे बढ़ रही है और आरोपियों की तलाश में लगी है। 10वीं क्लास का छात्र कोचिंग जाने के बाद लापता हो गया था। बच्चे के कोचिंग से नहीं लौटने पर परिजनों ने उसका फोटो और कांटेक्ट नंबर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिए थे। इसके साथ ही एमआईजी थाने में भी शिकायत की थी। मगर बदमाश ने बच्चे के फोटो का इस्तेमाल कर डीप फेक वीडियो बनाया और परिवार को वीडियो कॉल कर उन्हें ऐसा बताया कि बच्चे को उसने पकड़ रखा है। उसने चाकू मारते हुए भी दिखाया और परिवार से 1 लाख 2 हजार रुपए की ठग लिए। बदमाश ने एक क्यूआर कोड के जरिए ये रुपए ठगे थे। मामला सामने आने के बाद क्राइम ब्रांच मामले की जांच में जुट गई थी। मामले में एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच इंदौर राजेश दंडोतिया का कहना है कि जिस नंबर परिवार को कॉल आया था वह सिम हरियाणा की है। जबकि जिस बैंक खाते में पैसा गया वह यूपी का निकला है और बिहार के एक एटीएम से रुपए निकाले गए हैं।

---

# उप्र का इन्फ्लुएंसर जतिन मिश्रा इंदौर क्राइम ब्रांच में पेश

### बोला-किसी की भावना आहत करना मकसद नहीं था, भागीरथपुरा पर बनाया था वीडियो, सांसद पर की थी टिप्पणी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के सांसद शंकर लालवानी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में उत्तर प्रदेश के इन्फ्लुएंसर जतिन मिश्रा सोमवार को क्राइम ब्रांच कार्यालय पहुंचे। पुलिस द्वारा जारी नोटिस के बाद वे इंदौर आए और एडिशनल डीसीपी सहित अन्य अधिकारियों के सामने पेश होकर अपना पक्ष रखा। इस दौरान पुलिस ने उनसे पूरे मामले को लेकर पूछताछ की और उनके बयान दर्ज किए। जतिन ने भागीरथपुरा में गंदे पानी के मामले को लेकर एक वीडियो बनाया था।

जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पहले जतिन मिश्रा ने अपने यूट्यूब चैनल




पर एक वीडियो अपलोड किया था, जिसमें इंदौर के सांसद को लेकर टिप्पणी की गई थी। वीडियो सामने आने के बाद इसे लेकर विवाद खड़ा हो गया था। मामले में सांसद के प्रतिनिधि ने पुलिस से शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि वीडियो में की गई टिप्पणी आपत्तिजनक है और इससे जनभावनाएं आहत हुई हैं।

**क्राइम ब्रांच ने जारी किया था नोटिस-** शिकायत मिलने के बाद इंदौर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी थी। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने यूट्यूबर जतिन मिश्रा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया और क्राइम ब्रांच की ओर से उन्हें नोटिस जारी कर बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। नोटिस मिलने के बाद जतिन मिश्रा सोमवार को इंदौर पहुंचे और क्राइम ब्रांच कार्यालय में अधिकारियों के सामने उपस्थित हुए। यहां पुलिस ने उनसे वीडियो बनाने के उद्देश्य और उसमें की गई टिप्पणियों को लेकर पूछताछ की।

**जतिन ने माफी मांगी, कहा-ऐसा उद्देश्य नहीं था-** पूछताछ के दौरान जतिन मिश्रा ने पुलिस अधिकारियों से माफी मांगते हुए कहा कि उनका उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में वे इस तरह का कोई कंटेंट नहीं बनाएंगे, जिससे किसी व्यक्ति या जनप्रतिनिधि की छवि को नुकसान पहुंचे।

**डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई होगी-** क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के मुताबिक जतिन मिश्रा के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। वीडियो और उससे जुड़े तकनीकी पहलुओं की भी जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले से जुड़े डिजिटल साक्ष्यों और अन्य दस्तावेजों की जांच कर रही है।

## खबर एक नजर...

### लघुवेतन कर्मचारी संघ के होली मिलन समारोह में उड़ा गुलाल

**उज्जैन।** बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन में मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ द्वारा उत्साहपूर्वक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी और वाणिज्य कर विभाग के विभागीय अध्यक्ष सुनील खत्री व उनकी टीम के नेतृत्व में आयोजित समारोह के दौरान संघ के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और गले मिलकर होली की आत्मीय शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कर्मचारियों के बीच आपसी भाईचारा और उल्लास का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश संगठन सचिव प्रेमचंद नहार, संभागीय अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, उज्जैन जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष महेश सोनोने, जिला सचिव मुकेश रायकवार और विभागीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र परमार उपस्थित रहे। इनके अलावा महेन्द्र टांकले, चंद्रशेखर निम्बालकर, बेगम बाई मालवीय, विमला सखवार आदि की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी संघ के जिला मीडिया प्रभारी रवि चौहान द्वारा दी गई।

### तोपखाने में हुई बाबा महाकाल की गैर पर पुष्पवर्षा

**उज्जैन।** हर साल की तरह इस साल भी निकलने वाली बाबा महाकाल की गैर का तोपखाने में भव्य स्वागत किया गया। बाबर खान मित्र मंडली द्वारा आयोजित इस स्वागत समारोह में गैर पर जमकर पुष्पवर्षा की गई।

इस दौरान महाकाल मंदिर समिति के पंडित-पुजारियों के साथ ही भाजपा सराफा मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी, एमआईसी सदस्य व भाजपा पार्षद रजत मेहता, सांसद प्रतिनिधि कपिल कटारिया और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का साफा बांधकर दस्तारबंदी कर आत्मीय सम्मान किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता डॉ. आसिफ नागौरी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री सलीम, शहजाद नागौरी, इमरान, शाहरुख, इरफान और बाबर खान सहित मित्र मंडली के अन्य सदस्यों ने गैर पर फूल बरसाकर जोरदार स्वागत किया।

### भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में लामबंद हुए श्रमिक; 9 साल से मजदूरी न बढ़ने से है आक्रोश

# उज्जैन कृषि उपज मंडी में हम्माल-तुलावटियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल, कामकाज पूरी तरह ठप






ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कृषि उपज मंडी उज्जैन में हम्माल एवं तुलावटी श्रमिकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सोमवार से अनिश्चितकालीन आंदोलन प्रारंभ कर दिया है। भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में शुरू हुए इस बड़े आंदोलन के चलते मंडी का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री किशन सिंह शेखावत ने बताया कि हम्माल और तुलावटी श्रमिकों की समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं। अब श्रमिकों ने अपने अधिकारों के लिए निर्णायक संघर्ष का रास्ता चुना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक श्रमिकों की न्यायोचित मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक यह आंदोलन अनिश्चितकालीन रूप से जारी रहेगा और कृषि उपज मंडी बंद रहेगी।

शेखावत के अनुसार, पिछले लगभग 9 वर्षों से मजदूरी दरों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। श्रमिकों की प्रमुख मांगों में मजदूरी में तत्काल बढ़ोतरी करना और बड़े तोल कांटों से प्राप्त होने वाली राशि तुलावटी श्रमिकों को प्रदान करना शामिल है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के श्रम का सम्मान करने और उन्हें अधिकार दिलाने के लिए भारतीय मजदूर संघ पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ा है। आंदोलन के दौरान श्रमिकों में भारी उत्साह और एकजुटता देखने को मिली। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से भारतीय मजदूर संघ उड़ीसा प्रदेश के अध्यक्ष बादल सिंह, विभाग प्रमुख सतीश शर्मा, तुलावटी संघ अध्यक्ष मोहन जायसवाल, वरिष्ठ साथी अब्दुल हाफि ज, विजय बैरागी, कैलाश तगदी, दिलीप नामदेव, राजेश जादव, शेर खान, देवेंद्र जोशी, मांगीलाल मीणा, रोहित मीणा, अमर सिंह, रुगनाथ मीणा और रामचंद्र गंगोलिया सहित बड़ी संख्या में हम्माल एवं तुलावटी श्रमिक उपस्थित रहे।

भारतीय मजदूर संघ ने सभी अन्य श्रमिक संगठनों और कार्यकर्ताओं से भी आह्वान किया है कि वे आंदोलन स्थल पर पहुंचकर श्रमिक एकता को मजबूत करें और इस न्यायपूर्ण संघर्ष को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

## सरस्वती विद्या मंदिर संस्कृति भवन में नवीन कक्ष निर्माण का भूमि पूजन

### विद्यार्थियों को मिलेगा बेहतर शैक्षणिक वातावरण; वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ऋषि नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय (संस्कृति भवन) परिसर में सोमवार को नवीन कक्षाओं के निर्माण हेतु विधि-विधान से भूमि पूजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ इस नए निर्माण कार्य का मंगल शुभारंभ हुआ। इस पुनीत अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्या भारती मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री (मालवा प्रांत) अखिलेश मिश्रा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (मालवा प्रांत) के सह प्रांत कार्यवाह रघुवीर सिंह सिसोदिया और प्रांत सहसचिव अनुराग जैन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रकाश गुप्त, उपाध्यक्ष कल्पना शर्मा, सहसचिव अभिलाष जैन और समिति सदस्य ओमप्रकाश गर्ग ने विशेष रूप से सहभागिता की। इनके अतिरिक्त संस्कृति भवन के प्राचार्य भगवान सिंह ठाकुर, संस्कार भवन के प्रधानाचार्य राधेश्याम शर्मा, मक्सी मार्ग शाखा की प्रधानाचार्य हर्षा शर्मा, सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य एकता इंग्ले सहित विद्यालय के समस्त आचार्यगण मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति ने विश्वास व्यक्त किया कि नवीन कक्षाओं के निर्माण से विद्यालय में व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी, जिससे विद्यार्थियों को एक उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण प्राप्त हो सकेगा। कार्यक्रम के दौरान संगठन मंत्री अखिलेश मिश्रा ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय में हो रहे निरंतर विकास कार्यों और संस्था की प्रगति की मुक्त कंठ से सराहना की। आयोजन के अंत में सभी उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय की निरंतर उन्नति और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 'अस्मिता खेलो इंडिया लीग' के तहत हुई खेल प्रतियोगिताएं

## नानाखेड़ा स्टेडियम में दौड़ और रस्साकशी में दिखा उत्साह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को नानाखेड़ा स्थित राजमाता विजयराजे सिंधिया बहुउद्देशीय खेल परिसर में महिलाओं और बालिकाओं के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 'अस्मिता खेलो इंडिया लीग' के अंतर्गत यह आयोजन मेरा युवा भारत उज्जैन (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा खेल और युवा कल्याण विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में मेरा युवा भारत विदिशा के जिला युवा अधिकारी अभिलाष म्हस्के ने रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रतियोगिता के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं के लिए 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ के साथ-साथ रस्साकशी का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर सहभागिता की।




### विजेताओं को बांटे गए मेडल और शील्ड

कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं शील्ड वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनिल निगम, नरेंद्र श्रीवास्तव, सुनीता यादव, शारदा सोनी, सुदर्शन शर्मा, लखन अंजना, संजय राज और बलवीर सिंह पवार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और खेल विभाग का विशेष सहयोग रहा।

# गायत्री परिवार जिला समन्वय समिति का पुनर्गठन, रामप्रसाद सरिया को मिला जिला समन्वयक का दायित्व, 19 मार्च को गुड़ी पड़वा पर होगा सामूहिक अर्घ्य दान

### सब-हेडिंग: शांतिकुंज के निर्देश पर 11 तहसीलों के प्रतिनिधियों को सौंपे गए विभिन्न प्रभार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल विश्व गायत्री परिवार की उज्जैन जिला समन्वय समिति का पुनर्गठन किया गया है। शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन में आयोजित एक गोष्ठी में श्री राम प्रसाद सरिया को नवीन जिला समन्वयक का दायित्व सौंपा गया। इस संगठन विस्तार का मुख्य उद्देश्य परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के 'युग परिवर्तन' के संदेश और विभिन्न रचनात्मक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है।

### इन प्रतिनिधियों को सौंपे गए जिला स्तर के दायित्व

गोष्ठी के दौरान जिले की 11 तहसीलों के प्रतिनिधियों को विभिन्न अभियानों की जिम्मेदारी सौंपी गई। इनमें जे.पी. यादव को सह-समन्वयक व पदेन व्यवस्थापक शक्तिपीठ, नरेंद्र सिंह सिकरवार को जिला सह-समन्वयक, दिनेश पोरवाल को मंडल विस्तार अभियान, श्रीमती ज्योति शर्मा को नारी जागरण अभियान और श्रीमती उर्मिला तोमर को 'आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी' का प्रभार दिया गया। इसके साथ ही डॉ. शशिकांत शास्त्री को युवा जोड़ो अभियान, बंसीलाल शर्मा को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, श्याम लाल जोशी को साधना एवं स्वाध्याय अभियान, बाबूलाल बाड़ोलिया को पर्यावरण एवं जल संरक्षण अभियान, सुभाष पाटीदार को शिक्षा एवं बाल संस्कार शाला का दायित्व मिला। वहीं, वासुदेव मारू को स्वावलंबन एवं शिक्षण प्रशिक्षण, सत्यनारायण सोलंकी को नशा व्यसन कुरीति उन्मूलन एवं आदर्श ग्राम, नंदकिशोर पाटीदार को साहित्य एवं पत्रिका विस्तार तथा डॉ. अरुण सोनी को स्वास्थ्य प्रकल्प की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस अवसर पर शांतिकुंज से पधारे प्रतिनिधि प्रमोद वार्चे ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन का लक्ष्य पूर्णता प्राप्त करना है, जो ज्ञान से ही संभव है। उन्होंने बताया कि मनुष्य शरीर, परमात्मा के प्रति अनुराग और गुरु की प्राप्ति– ये मनुष्य जीवन के तीन सबसे बड़े सौभाग्य हैं। गुरु के अनुशासन को जीवन में उतारकर एक अच्छी परंपरा को आगे बढ़ाना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। कार्यक्रम में शक्तिपीठ प्रभारी जे.पी. यादव ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया तथा वर्तमान जिला समन्वयक नरेंद्र सिंह सिकरवार ने जिले का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समिति गठन की कार्यवाही का संचालन प्रभाकर सोनोने ने और समग्र कार्यक्रम का संचालन मनोहर बेलावत ने किया।

### नववर्ष 'गुड़ी पड़वा' पर होगा सामूहिक सूर्य अर्घ्य दान

'अपनी संस्कृति अपना त्योहार' की गौरवशाली परंपरा के तहत प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी हिंदू नववर्ष के अवसर पर भव्य आयोजन किया जाएगा। आगामी 19 मार्च 2026 को सुबह 6 बजे से 7 बजे तक कालिदास अकादमी स्थित कमल सरोवर पर सामूहिक सूर्य अर्घ्य दान होगा। इसमें सामूहिक प्रार्थना, ध्यान, मंगल ध्वनि और सूर्य को अर्घ्य देकर नववर्ष का अभिनंदन किया जाएगा।

## खबर एक नजर...

### तोपखाने में हुई बाबा महाकाल की गैर पर पुष्पवर्षा

**उज्जैन।** हर साल की तरह इस साल भी निकलने वाली बाबा महाकाल की गैर का तोपखाने में भव्य स्वागत किया गया। बाबर खान मित्र मंडली द्वारा आयोजित इस स्वागत समारोह में गैर पर जमकर पुष्पवर्षा की गई। इस दौरान महाकाल मंदिर समिति के पंडित-पुजारियों के साथ ही भाजपा सराफा मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी, एमआईसी सदस्य व भाजपा पार्षद रजत मेहता, सांसद प्रतिनिधि कपिल कटारिया और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का साफा बांधकर दस्तारबंदी कर आत्मीय सम्मान किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता डॉ. आसिफ नागौरी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री सलीम, शहजाद नागौरी, इमरान, शाहरुख, इरफान और बाबर खान सहित मित्र मंडली के अन्य सदस्यों ने गैर पर फूल बरसाकर जोरदार स्वागत किया।

### भारत विकास परिषद महानगर के त्रिदिवसीय दिव्यांग सहायतार्थ शिविर में 570 दिव्यांगों को मिले उपकरण

**उज्जैन।** 'नर सेवा ही नारायण सेवा है' के ध्येय वाक्य को चरितार्थ करते हुए भारत विकास परिषद उज्जैन महानगर द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय दिव्यांग सहायतार्थ शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस शिविर में 570 दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ, पैर, व्हील चेयर, ट्राईसाइकिल और कैलीपर सहित विभिन्न उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत और विशेष अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद व वरिष्ठ भाजपा नेता रघुनंदन शर्मा उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के जिला समन्वयक श्याम बंसल ने की। इस अवसर पर उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, घटिया विधायक सतीश मालवीय और भाविप के राष्ट्रीय चेयरमैन (प्रकाशन) अरविंद बंडी विशेष रूप से मौजूद रहे। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने परिषद के इस सेवा कार्य को अन्य सामाजिक संस्थाओं के लिए प्रेरणादायी बताया। साथ ही उन्होंने दिव्यांगों के लिए सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न सुविधाओं की विस्तृत जानकारी भी दी। वहीं, रघुनंदन शर्मा ने इस शिविर को पीड़ित मानवता की सच्ची सेवा बताते हुए आयोजकों को बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर करने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक भगवान शर्मा और पराग काबरा ने बताया कि इस वृहद आयोजन को सफल बनाने में आयोजक मंडल के सुनील लवांगीकर, प्रकाश चित्तौड़ा, ओमप्रकाश गर्ग, श्याम माहेश्वरी, दिनेश महाजन, विजय सुराना, संजीव आचार्य, खेमजी भाई चंदन, अजय मिश्रा, आरती खरे, दीपक राजवानी, राजा मजावदिया, विठ्ठल नागर, चिराग शाह और उम्मेद नागर की सक्रिय भूमिका रही। इसके अलावा शिविर के सफल संचालन में ईश्वर पटेल, ओमप्रकाश गुप्ता, श्याम माहेश्वरी, अभिषेक गोयल, संदीप पांडे, अनिल वैष्णव, रविंद्र मुले, माया शर्मा, अभिषेक बजाज, निलेश शर्मा, मुकेश लखवानी और सुभाष मित्तल का सराहनीय योगदान रहा।

# समाज को दिशा प्रदान कर रही है भारतीय महिला दार्शनिक परिषदः डॉ. अनिजवाल

### पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस माधव महाविद्यालय में 16वें राष्ट्रीय अधिवेशन का भव्य उद्घाटन, महिला दार्शनिकों ने किया वैचारिक मंथन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में भारतीय महिला दार्शनिक परिषद के 16वें राष्ट्रीय अधिवेशन का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. एच.एल. अनिजवाल ने कहा कि भारतीय महिला दार्शनिक परिषद समाज को नई दिशा प्रदान कर रही है। उन्होंने देश भर से आए प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस शोधपरक और रचनात्मक अधिवेशन में दर्शन के मूलभूत प्रश्नों पर वैचारिक मंथन होगा, जिसके निष्कर्ष निश्चित रूप से समाज का मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह के कुशल नेतृत्व में संस्था द्वारा की जा रही निरंतर प्रगति की भी सराहना की।



**महिलाओं के लिए, महिलाओं द्वाराः मिला 'नया आकाश'**

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह ने कहा कि महिला दिवस के अवसर पर यह आयोजन होना बेहद सुखद है। आज माधव महाविद्यालय में आधी आबादी अपना पूर्ण योगदान दे रही है और देश में चल रही महिला सशक्तिकरण की मुहिम यहाँ साकार हो रही है, जिसकी प्रतीक हमारे बीच उपस्थित महिला दार्शनिक हैं। परिषद की अध्यक्ष डॉ. राजकुमारी सिन्हा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बौद्धिक प्रतिभा में निखार आता है। यह महिलाओं का, महिलाओं के लिए और महिलाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से हम उन्हें एक नया आकाश देना चाहते हैं। सारस्वत अतिथि डॉ. जटाशंकर तिवारी ने महाकाल की नगरी में आयोजित इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने पर असीम आनंद व्यक्त किया। इस दौरान डॉ. पूजा व्यास, डॉ. विनीता अवस्थी, डॉ. शोभा निगम और डॉ. आभा होलकर ने भी अपने सार्थक विचार साझा किए।

समारोह का शुभारंभ प्रो. शशिकला यादव द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। आयोजन समिति की सचिव डॉ. शोभा मिश्र ने प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह के साथ मिलकर आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. शोभा मिश्र ने स्वागत भाषण के साथ अपनी स्वरचित कविता भी प्रस्तुत की। इस गरिमामय अवसर पर दर्शनशास्त्र की प्राध्यापक व विदुषी डॉ. मृणालिनी फडणवीस, डॉ. शोभा निगम, डॉ. शशिकला यादव और डॉ. आभा होलकर की पुस्तकों का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। साथ ही, दृष्टि प्रबोधन केन्द्र नागपुर की डॉ. अरुणा सारस्वत को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया, जबकि डॉ. वीरबाला छाजेड़ ने अतिथियों को अपनी पुस्तक भेंट की। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. जफर महमूद ने किया तथा आभार प्रो. विनीता अवस्थी ने माना। इस अवसर पर दर्शन विभाग की प्रो. ज्योति गोयल, प्रो. महेन्द्र सिंह, प्रो. किरण बंडेरिया सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के पश्चात आयोजित तकनीकी सत्रों में शोधार्थियों द्वारा अपने शोध पत्रों का वाचन किया गया।

**कहारवाड़ी से शिप्रा तट तक निकला भव्य ध्वज चल समारोह,**

# कहार समाज ने खेली लट्ठमार, छड़ीमार होली

### वरिष्ठों का सम्मान कर ढोल-नगाड़ों की थाप पर भक्ति के रंगों में सराबोर हुए श्रद्धालु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन में इस वर्ष होली का पर्व बिल्कुल उसी अलौकिक और भव्य स्वरूप में मनाया गया, जैसा उत्साह मथुरा-वृंदावन की गलियों में देखने को मिलता है। वर्षों से चली आ रही प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए शहर पूरी तरह से भक्ति और गुलाल के रंगों में सराबोर नजर आया।

श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों के अनुसार, जिस प्रकार वृंदावन में कान्हा और राधा रानी के संग छड़ीमार होली का आनंद लिया जाता है, ठीक उसी परंपरा का निर्वहन उज्जैन में बाबा महाकाल के सानिध्य में पीढ़ी-दर-पीढ़ी किया जा रहा है। कहार समाज के अध्यक्ष शंकर चौहान ने बताया कि वृंदावन की लट्ठमार होली की तर्ज पर ही उज्जैन की कहारवाड़ी में 'कहार समाज युवा समिति' द्वारा वर्षों पुरानी परंपरा को निभाते हुए लट्ठमार व छड़ीमार होली खेली जाती है। ढोल-नगाड़ों की थाप और 'हर-हर महादेव' के उद्घोष के बीच हुआ यह उत्सव आस्था और सांस्कृतिक एकता का अनूठा प्रतीक बना।



### शिप्रा तट तक निकला ध्वज चल समारोह

आयोजन के दौरान परंपरा के अनुसार समाज के सभी वरिष्ठजनों का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया गया। इसके पश्चात कहारवाड़ी से लेकर शिप्रा नदी तक एक भव्य ध्वज चल समारोह निकाला गया, जिसमें समाज के लोगों ने भारी उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस भव्य आयोजन और ध्वज चल समारोह में मुख्य रूप से शंकर चौहान, रघुनाथ चौहान, अशोक कहार, लीलाधर कहार, अनिल कहार, प्रशांत चंदेरी, पुरुषोत्तम कहार, पुष्पेन्द्र कहार, गणेश कहार, प्रवीण कहार, और अनीता बाई सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय रहवासी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

### विश्व महिला दिवस की पूर्व संध्या पर किया सम्मान समारोह

**उज्जैन।** विश्व महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को यादव अहीर महिला क्लब द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने भगवान श्री कृष्ण-राधा की भक्ति से ओतप्रोत बांके बिहारी फागुन उत्सव मनाया। विश्व महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को यादव अहीर महिला क्लब द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती शोभा यादव के मार्गदर्शन में भरतपुरी क्षेत्र स्थित निजी होटल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ.अरूणा व्यास व श्रीमती नेहा यादव थी। इस अवसर पर समाज की कुमारी राधिका यादव को चवन्नी पर भक्त प्रहलाद का चित्र उकेरने पर वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज होने के लिए श्री महाकालेश्वर शयन आरती भक्त मंडल की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा यादव का सम्मान किया गया।

# सड़क चौड़ीकरण और मुआवजे को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल

### तख्तियां लेकर किया पैदल मार्च, निगम गेट पर धरने पर बैठे; विधायक और निगम प्रशासन पर साधा निशाना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में चल रहे सड़क चौड़ीकरण के मुद्दे और प्रभावितों को उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय पर उग्र प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने मजदूर संघ कार्यालय से नगर निगम तक पैदल मार्च निकाला। हाथों में तख्तियां लिए कांग्रेसजनों ने निगम प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और विरोध स्वरूप निगम गेट पर ही जमीन पर धरने पर बैठ गए।

**मुआवजे और सड़क की चौड़ाई को लेकर सौंपा ज्ञापन**

इस दौरान निगमायुक्त के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने शहर के नागरिकों के हित में



कई प्रमुख मांगें रखीं। ज्ञापन में पिपलीनाका और गढ़कालिका मार्ग की चौड़ाई 80 फीट करने, एम.आर. 4 मार्ग की चौड़ाई 60 फीट करने, तथा महाकाल, पटनी बाजार और गोपाल मंदिर मार्ग के व्यापारियों की चौड़ीकरण के संदर्भ में की जा रही मांगों पर विचार करने के लिए कहा गया है। साथ ही, विकास योजना 2035 के अनुसार मार्गों की चौड़ाई कम करने पर विचार करने और नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 305 एवं 306 के तहत सभी प्रभावितों को क्षतिपूर्ति (मुआवजा) राशि प्रदान करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई है। ज्ञापन में यह भी याद दिलाया गया कि सिंहस्थ 2004 और 2016 के चौड़ीकरण कार्यों में भी मुआवजा दिया गया था। वर्तमान में लोक निर्माण विभाग, एमपीआरडीसी और महाकालेश्वर मंदिर समिति भी मुआवजा दे रही है, लेकिन नगर निगम अधिनियम में प्रावधान होने के बावजूद मुआवजा नहीं दे रहा है। इसके अतिरिक्त, एक अन्य पत्र के माध्यम से कांग्रेस पार्षदों के वार्डों में निर्माण कार्यों को स्वीकृत करने तथा पर्याप्त मात्रा में सफाई कर्मचारियों और कचरा वाहनों की सुचारू व्यवस्था करने की भी मांग की गई।

### 'हम विकास के पक्षधर हैं, लेकिन अन्याय नहीं सहेंगे'

धरने को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा कि सरकार गरीबों के साथ अन्याय कर रही है। उन्होंने मांग की कि पिपलीनाका और एमआर-4 क्षेत्र में प्रभावित परिवारों को बाजार मूल्य से दोगुना मुआवजा दिया जाए। भाटी ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी जनहित के विकास की पक्षधर है, लेकिन आम जन के साथ होने वाले किसी भी अन्याय के खिलाफ पूरी ताकत के साथ खड़ी है।

इस दौरान उन्होंने उज्जैन उत्तर के विधायक को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधि जिनका जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है, उन्हें अपने पद पर बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। कांग्रेस पार्टी हर पीड़ित आम जन के साथ मजबूती से खड़ी है।

इस विरोध प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय, पार्षद माया त्रिवेदी और राजेंद्र वशिष्ठ ने भी सभा को संबोधित किया। इसके अलावा पार्षद गब्बर कुवाल, अर्पित दुबे, छोटेलाल मंडलोई, परमानंद मालवीय और सपना सांखला ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का सफल संचालन ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रभान सिंह चंदेल ने किया।

**प्रदर्शन में इनकी रही प्रमुख उपस्थिति**

संगठन महासचिव अजय राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर मुख्य रूप से फिरोज पठान, मेहताब लाला, ब्लॉक अध्यक्ष संचित शर्मा, बबलू खींची, रहीम लाला, दुर्गेश धवन, वीरेंद्र गोसर, अभिषेक शर्मा, धीरज यादव, चेन सिंह चौधरी, दिपेश जैन, राजेंद्र राठौर, रमेश सांखला, बंटी वसीम, सोनिया ठाकुर, पूर्णिमा पाण्डेय, उषा मालवीय, नीलम विश्वास, लक्ष्मीनारायण उपाध्याय, रश्मि त्रिवेदी, आत्माराम मालवीय, जीतेंद्र डागरे, ललित मीणा, राहुल लोट, जितेंद्र दूबे, आनंद कुमरावत, अर्पण राठौर, कृष्णा यादव, नरेन्द्र राव, गणेश मीणा, संजय आंजना, नौशाद भाई और रंजीत बोडाना सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर...

### शहर के चार एनएसएस स्वयंसेवक चित्रकूट में बढ़ा रहे जिले का मान

**शाजापुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बी.के.एस.एन. गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर की एनएसएस इकाई के चार स्वयंसेवक गोविंद गोस्वामी, सूरज राय, मोना सौराष्ट्रीय और चंचल पाटीदार का चयन एनएसएस मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर 2026 के लिए हुआ है। इस सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 08 मार्च से 14 मार्च 2026 तक चित्रकूट के दीनदयाल शोध संस्थान (उद्यमिता परिसर), जिला सतना में किया जा रहा है। इन चारों स्वयंसेवकों का चयन एनएसएस की दैनिक एवं विशेष गतिविधियों में उनकी सक्रियता तथा एनएसएस परेड दल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। इस विशेष उपलब्धि पर स्वयंसेवकों को मां राजराजेश्वरी माता मंदिर प्रांगण से पूरे उत्साह के साथ विदा किया गया, जहां रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फा, भारतीय ज्ञान प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. बी. एल. मालवीय एवं युवा उत्सव प्रभारी डॉ. डी.आर. राठौर ने उन्हें मोती माला व एनएसएस केप पहनाकर रवाना किया। इस अवसर पर एनएसएस इकाई एम्बेसडर रवि कुमार तथा एनएसएस एसयूओ लक्ष्मी पुष्पद ने भी उपस्थित होकर साथियों का उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एस. के. तिवारी ने इस चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर स्वयंसेवकों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगा।

### एनईपी-2020 एवं संकाय विकास कार्यक्रम में डॉ. बोड़ाने को ए ग्रेड

**शाजापुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बीकेएसएन शासकीय अग्रणी महाविद्यालय, शाजापुर के रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष एवं जिला नोडल अधिकारी (ई-प्रवेश) डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ गुजरात द्वारा आयोजित छ दिवसीय ऑनलाइन एनईपी-2020 संवेदीकरण एवं अभिविन्यास कार्यक्रम में भाग लिया। साथ ही यूजीसी-मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री गुरु तेज बहादुर खालसा कॉलेज द्वारा ऑनलाइन आयोजित ह्रिसर्च मेथोडोलॉजी एसेंशियल एंड प्लैगरिज्म चौलेंजेसह्व विषय पर ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम में भी सहभागिता कर ह्यए ग्रेड प्राप्त किया। डॉ. बोड़ाने महाविद्यालय के पहले ऐसे सहायक प्राध्यापक हैं, जो विज्ञान संकाय के अंतर्गत सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन में शोध निर्देशक के रूप में पंजीकृत हुए हैं और वे निरंतर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षणिक नवाचारों के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के.तिवारी ने प्रमाण पत्र दिया।

### कलेक्टर बाफना ने स्वास्थ्य विभाग के रेफरल प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा भी की

# पेयजल संकट वाले ग्रामों का चिन्हांकन कर पेयजल आपूर्ति की कार्ययोजना बनाएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर



समयसीमा पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कलेक्टर बाफना ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल को देखते हुए जिन ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना हो, उन ग्रामों का अभी से चिन्हांकन कर कार्ययोजना बनाएं एवं वहां पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने वैकल्पिक पेयजल स्त्रोतों का चिन्हांकन भी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को जिला पंचायत कार्यालय में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पेयजल कन्ट्रोल रूम बनाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर बाफना ने जलनिगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को 31 मार्च 2026 तक रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को जलजीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण योजनाओं को हस्तांतरण करने व अधूरी जलजीवन मिशन की योजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर बाफना ने स्वास्थ्य विभाग के रेफरल प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा भी की। साथ ही उन्होंने सीएमएचओ को जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, गर्भवती माताओं की समग्र ईकेवायसी कराने तथा सोनोग्राफी सेंटर पर सोनोग्राफी प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सहकारिता विभाग की समीक्षा कर धारा-85 के प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी को गेहूं उपार्जन के तहत किसान पंजीयन कराने एवं पंजीयन केंद्र की स्थापना की आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सीईओ को हितग्राहियों की ईकेवायसी कराने तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को अपूर्ण आंगनवाड़ी भवनों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को नियम विरूद्ध संचालित वाहनों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पशुपालन एंव डेयरी विभाग तथा उद्यानिकी के अधिकारी को केसीसी ऋण के लक्ष्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

### ओंकारेश्वर महादेव का नीलकंठ स्वरूप में अलौकिक श्रृंगार, बाबा की झलक पाने उमड़ा शहर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में बाबा का नीलकंठ स्वरूप में भव्य और दिव्य श्रृंगार किया गया। समुद्र मंथन का हलाहल विष पीकर सृष्टि की रक्षा करने वाले महादेव के इस नयनाभिराम रूप को देखकर हर शिवभक्त नतमस्तक हो गया। सोमवार शाम मंदिर पुजारी पंडित ओमप्रकाश गोस्वामी द्वारा बाबा ओंकारेश्वर का विशेष श्रृंगार किया गया। भांग, चंदन, सूखे मेवे, भस्म और सुगन्धित पुष्पों से सजे नीलकंठ महादेव की आकर्षक छटा देखते ही बन रही थी। बाबा के मस्तक पर त्रिपुंड और गले में पुष्पों की माला ने इस स्वरूप को और भी जीवंत कर दिया। शाम के समय मंदिर में ढोल-नगाड़ों और शंख-नाद के साथ महाआरती का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ा। दर्शनार्थियों ने बाबा नीलकंठ के समक्ष शीश नवाकर परिवार और अंचल की सुख-समृद्धि व खुशहाली की मंगल कामना की।

### सांदीपनि स्कूल में महिला सम्मान समारोह आयोजित

**शाजापुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सोमवार को नगर के सांदीपनि हायर सेकेंडरी स्कूल में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाजापुर विधायक अरुण भीमावत मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य सविता सोनी ने की। कार्यक्रम का आयोजन युवा भारत संस्था के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अरुण भीमावत ने क्षेत्र की प्रतिभावान और कर्मठ महिलाओं को प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने मातृशक्ति को नमन करते हुए कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि एक सशक्त महिला ही एक सशक्त समाज का निर्माण कर सकती है। महिलाओं के पूर्ण सशक्तिकरण के बिना देश का प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ना संभव नहीं है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं द्वारा महिलाओं को उच्च शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक जागरूकता के प्रति प्रेरित किया गया।

# हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083: देवगुरु बृहस्पति होंगे राजा और मंगल बनेंगे मंत्री, 19 मार्च से शुरू होगा 'रौद्र' संवत्सर

### 'रौद्र' संवत्सर में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होगा भारत, मध्य प्रदेश में बढ़ेंगे सिंहस्थ सहित अन्य धार्मिक आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हिंदू पंचांग के अनुसार नए साल की शुरूआत चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है। इस वर्ष विक्रम संवत 2083 की शुरूआत 19 मार्च 2026, गुरुवार से हो रही है। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। नववर्ष की शुरूआत उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, शुक्ल योग और मीन लग्न में होगी। यह समय ज्ञान, अध्ययन, गुरु-पूजन, दान-पुण्य और जप के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। इसी दिन से चैत्र नवरात्रि का भी आरंभ होगा, जो 27 मार्च 2026, शुक्रवार तक पूरे नौ दिनों तक चलेगी। पहले दिन 19 मार्च को घट स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 06:52 से 10:10 बजे तक रहेगा। श्री मातंगी ज्योतिष केंद्र के ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास ने बताया कि नववर्ष की शुरूआत गुरुवार से होने के कारण इस वर्ष के राजा देवगुरु बृहस्पति होंगे, जो ज्ञान, धर्म, नीति और न्याय के ग्रह माने जाते हैं। वहीं, वर्ष के मंत्री मंगल ग्रह होंगे, जो ऊर्जा, साहस, संघर्ष और त्वरित निर्णय के प्रतीक हैं। राजा और मंत्री के इस संयोजन वाले इस नए संवत का नाम 'रौद्र' रखा गया है।

ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, 'रौद्र' संवत्सर विश्व स्तर पर कुछ चुनौतीपूर्ण रह सकता है। दुनिया भर में राजनीतिक अस्थिरता, देशों के बीच मतभेद, युद्ध जैसी स्थिति, आगजनी और दुर्घटनाओं की घटनाएं बढ़ सकती हैं। कहीं बारिश कम होने से फसलों पर असर और महंगाई बढ़ने की आशंका है, तो वहीं मंत्री मंगल के प्रभाव से प्रजा में धर्म और मंगलोत्सव के आयोजनों में वृद्धि होगी तथा अच्छी वर्षा से सुभिक्षता भी बनी रहेगी।

ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास ने बताया कि भारत की आजादी के समय की जन्म कुंडली और प्रधानमंत्री की पत्रिका में मंगल की महादशा चल रही है। 'रौद्र' नाम संवत्सर के प्रभाव से भारत रक्षा क्षेत्र में अधिक मजबूत और आत्मनिर्भर होगा। किसी भी स्थान पर उसके मुखिया की कुंडली का सीधा प्रभाव पड़ता है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जन्म कुंडली में गुरु की राशि धनु है। वर्तमान वर्ष का राजा भी गुरु होने के कारण प्रदेश में आध्यात्मिक और धार्मिक आवागमन बढ़ेगा। साथ ही आगामी सिंहस्थ के भव्य धार्मिक समारोह की तैयारियां और आयोजन सराहनीय रहेंगे।

**सभी 12 राशियों पर नववर्ष (2026-27) का प्रभाव-** पं. अजय व्यास ने बताया कि गुड़ी पड़वा हिंदू नववर्ष की शुरूआत का प्रतीक है, जो सभी राशियों के लिए सकारात्मक ऊर्जा, नए अवसर और वित्तीय स्थिरता लेकर आता है। राशि अनुसार इसका विस्तृत प्रभाव इस प्रकार रहेगाः मेषः विदेश से वित्तीय लाभ मिलेगा, संतान संबंधित चिंता दूर होगी तथा नई नौकरी या व्यवसाय में सफलता मिलेगी। वृषभः छोटे भाई से मेल-मिलाप बढ़ेगा, लेकिन खर्च में भी वृद्धि होगी। संपत्ति से जुड़े मामलों में सावधान रहें। मिथुनः धार्मिक और मांगलिक कार्य होंगे। आर्थिक रूप से सामान्य से बेहतर परिणाम मिलेंगे और नौकरी में स्थिरता आएगी। कर्कः पदोन्नति और नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। करियर में सकारात्मक बदलाव आएगा। सिंहः घर और प्रॉपर्टी के मामलों में बड़ी सफलता मिलेगी। धन लाभ और व्यापारिक यात्राएं सफल होंगी। कन्याः कर्ज और अधिक खर्च से राहत मिलेगी। आर्थिक स्थिति में स्थिरता आएगी, नए निवेश से लाभ और मेहनत का फल मिलेगा। तुलाः राज्य सुख और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। पुरानी समस्याओं का समाधान होगा।वृश्चिकः अप्रैल-मई तक सावधानी रखें। मेहनत से सफलता मिलेगी, लेकिन काम के दबाव को प्रबंधित (मैनेज) करना होगा। धनुः विदेश, करियर और नौकरी में सकारात्मक बदलाव की संभावना है। परिवार के साथ रिश्ते मजबूत होंगे।

### गुड़ी पड़वा और कृषि से जुड़ा महत्व

ज्योतिर्विद पं. अजय व्यास के अनुसार गुड़ी पड़वा महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र में मनाया जाने वाला प्रमुख हिंदू नववर्ष है, जो नई शुरूआत, फसल की कटाई और समृद्धि का प्रतीक है। इस दिन घरों के बाहर विजय पताका (गुड़ी) फहराकर, घरों को सजाकर और नीम-मिश्री का प्रसाद ग्रहण कर बुराई पर अच्छाई की जीत व वसंत ऋतु का स्वागत किया जाता है।

# 14 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण अनिवार्य रूप से लगवाएं- कलेक्टर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर



कलेक्टर ऋजु बाफना ने जिले के आमजनों से अनुरोध किया है कि वे अपने परिवार व रिश्तेदारों की 14 वर्ष की किशोरी बालिकाओं (जिन्होंने अपना 14वां जन्म दिन मना लिया हो और 15वां जन्म दिन नहीं मनाया हो) को एचपीवी टीकाकरण अनिवार्य रूप से लगवाएं। साथ ही एचपीवी टीकाकरण लगवाने के लिए प्रेरित करें एवं उन्हें समझाइश दें कि एचपीव्ही वैक्सीन से बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाव किया जा सकता है एवं इसके कोई साईड इफेक्ट नहीं हैं, यह बहुत ही मंहगी वैक्सीन है, जिसे शासन द्वारा निःशुल्क लगाया जा रहा है। कलेक्टर बाफना ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वयं और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के परिवार, उनके परिवारजनों की उक्त उम्र की बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण अनिवार्य रूप से लगवाएं। साथ ही उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ, आशा, सहायिकाओं, सचिव, रोजगार सहायक, शिक्षकों, जनपद सीईओ आदि का सहयोग लेकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंचों से समन्वय स्थापित कर ग्रामीण क्षेत्र में एचपीवी टीकाकरण के लिए अभिभावकों को प्रेरित करें एवं उन्हें समझाइश भी दें। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी जनप्रतिनिधियों, प्रतिष्ठित चिकित्सकों, महिला चिकित्सकों, धर्मगुरूओं की वीडियों बनाकर प्रचार-प्रसार करें। साथ ही समस्त शासकीय विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी एचपीव्ही वैक्सीन का अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करें।

### महिलाओं ने भगवान श्री कृष्ण भक्ति के रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी

उज्जैन। विश्व महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को यादव अहीर महिला क्लब द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने भगवान श्री कृष्ण-राधा की भक्ति से ओतप्रोत बांके बिहारी फागुन उत्सव मनाया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली उत्सव मनाया गया।

विश्व महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को यादव अहीर महिला क्लब द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती शोभा यादव के मार्गदर्शन में भरतपुरी क्षेत्र स्थित निजी होटल में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# फोरलेन निर्माण के लिए अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

## लक्कड़पीठा रोड से बाजना बस स्टैंड तक 27 मकान-दुकानों के हिस्से हटाए गए

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

लक्कड़पीठा रोड से बाजना बस स्टैंड तक बनने वाले फोरलेन के बीच आ रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई सोमवार को की गई। निगम का अमला बुलडोजर, जेसीबी व दल-बल के साथ पहुंचा। कुछ लोगों ने कार्रवाई का विरोध जताया। अधिकारियों ने मास्टर प्लान के तहत नियमानुसार कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाने की बात कही। शहर के चांदनीचौक से लगे लक्कड़पीठा रोड को 18 मीटर चौड़ा फोरलेन बनाया जा रहा है। यह फोरलेन पुराने बाजना बस स्टैंड तक बनना है। नगर निगम ने क्षेत्र में तय समय सीमा से आगे बने मकान कके मालिकों को पूर्व में नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने को कहा था।

### काम आगे नहीं बढ़ पा रहा

अक्टूबर-नवंबर माह में कुछ ने तो स्वेच्छा से हटा लिया था। कुछ का निगम ने अतिक्रमण हटाया था। कुछ लोग रह गए थे, इससे काम आगे नहीं बढ़ पाया। शुक्रवार को महापौर प्रहलाद पटेल ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया था। सोमवार से सख्ती से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए थे।

इसी के तहत नगर निगम कमिश्नर अनिल भाना दल बल के साथ क्षेत्र में पहुंचे। बुलडोजर व जेसीबी से अतिक्रमण में आ रहे मकानों के हिस्सों को हटाने की कार्रवाई शुरू की। क्षेत्र के कुछ लोग कार्रवाई के विरोध में आगे भी आए। लेकिन अधिकारियों ने मास्टर प्लान के तहत फोरलेन बनाना प्रस्तावित बताते हुए नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की बात कही। अधिकारियों ने यह भी कहा कि पूर्व में नोटिस दे चुके है। आप लोगों को स्वयं हटा लेना था। अतिक्रमण में क्षेत्र की दुकानों व मकानों के आगे का हिस्सा शामिल है।

### 6.32 करोड़ खर्च होंगे

चांदनी चौक से पुराने बाजना बस स्टैंड तक 600 मीटर पुरानी सड़क की जगह 18 मीटर चौड़ा डामर फोरलेन बनाया जाना है। इस पर 6.32 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसलिए क्षेत्र का अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसके पहले अक्टूबर-नवंबर माह में हुई नपती में 192 मकानों का 2 से 4 मीटर तक का अतिक्रमण निकला था। नोटिस के बाद कुछ लोगों ने अपना अतिक्रमण स्वेच्छा से हटा लिया था। कुछ ने नहीं हटाया। इस कारण काम की गति तेज नहीं हो पाई। शेष करीब 27 मकानों व दुकानों का अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम कमिश्नर अनिल भाना ने बताया दो माह पूर्व सभी को नोटिस दिए जा चुके है। 9 मार्च तक आखरी अल्टीमेटम था। लेकिन कुछ लोगों ने अभी अपना अतिक्रमण नहीं हटाया। इसलिए कार्रवाई शुरू की है।



### रंग पंचमी पर नीमच सिटी में निकली गैर, विधायक ने की रंगों की बौछार

नीमच। शहर के उप नगर और पुराने नीमच सिटी क्षेत्र में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रंग भी रंग पंचमी का पर्व बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ रविवार को मनाया गया। इस अवसर पर नृसिंह मंदिर से रंगारंग गैर निकाली गई। जो नगर के विभिन्न मार्गो से होकर पुनः नृसिंह मंदिर परिसर में संपन्न हुई। गैर में बैंड-बाजे और डीजे की धुनों पर होली है। युवाओं खासा उत्साह देखने को मिला। डीजे की ताल पर युवक जमकर नाचते नजर आए, वहीं ढोल की थाप पर लेजिम बजाते हुए भी कुई युवक दिखाई दिए। पूरे मार्ग नेस और गुलाल की बौछार के बीच लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर रंग पंचमी मनाई। रंग पंचमी के मौके पर क्षेत्रीय विधायक दिलीपसिंह परिहार भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने फायर ब्रिगेड के माध्यम से रंगों की बोझार कर उपस्थित लोगों का उत्साह बढ़ा दिया। पंचमी की निकली इस गैर में बच्चे युवा बुजुर्ग सभी उम्र के लोगों ने सम्मिलित होकर रंग गुलाल लगाया। ओर शुभकामनाएं दी।

# मंदसौर में 1 अप्रैल को निकलेगी श्री वीर हनुमान यात्रा, तैयारियों को लेकर हुई बैठक

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर



आगामी हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर के आस्था के केंद्र श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर परिसर से १ अप्रैल को विशाल श्री वीर हनुमान यात्रा' का आयोजन किया जाएगा। जिसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए माहेश्वरी धर्मशाला में नगर के प्रबुद्धजनों और गणमान्य नागरिकों की एक बैठक संपन्न हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री तलाई वाले बालाजी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ भक्तिमय वातावरण में हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए श्री तीन छतरी बालाजी मंदिर के पूज्य संत श्री राम किशोर दास जी महाराज ने कहा कि प्रभु कृपा से प्रेरित यह यात्रा सभी के सामूहिक सहयोग से अत्यंत भव्य और दिव्य स्वरूप धारण करेगी। बैठक में उपस्थित अतिथियों ने यात्रा की गरिमा और महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार साझा किए। आचार्य डॉ. देवेंद्र शास्त्री ने बताया कि यह दूसरा अवसर होगा जब श्री तलाई वाले बालाजी नगर भ्रमण पर निकलेंगे, इससे पूर्व स्वर्ण कलश आरोहण के समय ऐसी भव्य यात्रा निकाली गई थी। क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि हनुमान जी समरसता के प्रतीक हैं और यह यात्रा समाज में इसी भाव को सुदृढ़ करेगी। विधायक विपिन जैन और पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने भी नगरवासियों से इस गौरवशाली उत्सव में बढ़-चढ़कर शामिल होने का आह्वान किया। सिसोदिया ने सुझाव दिया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने साथ पांच अन्य लोगों को भी यात्रा में जोड़ें, ताकि इसका स्वरूप विहंगम हो सके। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. धीरेंद्र त्रिवेदी ने आयोजन में ट्रस्ट के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

आयोजन को सुव्यवस्थित रूप देने के लिए सर्वसम्मति से समाजसेवी प्रहलाद काबरा को आयोजन समिति का अध्यक्ष और दाऊ भाई विजयवर्गीय को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

# कुं.शक्तावत ने जीतू पटवारी को रंग लगाकर होली उत्सव मनाया

ब्रह्मास्त्र ›› पिपलिया मंडी

8 मार्च को प्रदेश के जुझार प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के द्वारा भोपाल में आयोजित होली मिलन समारोह में असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत उपस्थित हुए तथा कुंवर शक्तावत ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के रंग गुलाल लगाते हुए साफा बांध कर होली का रंगो उत्सव मनाया प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अपना साफा माथे से उतार कर कुंवर शक्तावत के माथे पर बांधते हुए ताजपोसी की जिससे संपूर्ण मध्य प्रदेश के असंगठित कामगारों एवं कर्मचारियों के साथ ही साथ मंदसौर जिले के हर एक कांग्रेस कार्यकर्ता अपने आप को गोरवान्वित महसूस करने लगे। उक्त मिलन समारोह में उपस्थित राष्ट्रीय महासचिव कुणाल चौधरी एवं पूर्व सांसद कांतिलाल भूरिया तथा प्रदेश उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे,विधायक भैरू सिंह बापू आदि अनेक वरिष्ठ नेताओं को गुलाल एवं रंग लगाते हुए होली के पावन पर्व को रंगारंग महोत्सव के रूप में मनाया। इस अवसर पर असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस भोपाल जिला अध्यक्ष महेशनंद मैहर,हेमंत नरवरिया, मुकेश चौधरी,भगवान दास पुरोहित आदि उपस्थित थे।

### फाग उत्सव के तहत भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन



पिपलिया मंडी। श्री संकट मोचन स्टेशन बालाजी मंदिर समिति द्वारा रंग पंचमी की पूर्व संध्या पर फाग उत्सव के तहत भव्य संगीत मय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड के साथ ही सुंदर भजनों की प्रस्तुति सर्वश्री देव प्रकाश कसेरा, सत्यनारायण मंत्री, जगदीश गुप्ता, गणपत माली, राजेंद्र शर्मा, दिनेश पाटीदार, मनोज कसेरा, अंकित गहलोत एवं मोहित जैन द्वारा दी गई। श्री कसेरा ने, मैं मारूंगा भर पिचकारी,मुझको रंग खिलाना होगा, खेलूंगा होली खेलूंगा, मैं गुलाल लाया हूं। राजेंद्र शर्मा ने, जब फागुन का महीना होगा, उसमें होगी होली, तू पिचकारी तेरो रंग बनू मैं, एवं अंकित गहलोत, ने आज बिरज में होली रे रसिया जैसे भजन सुना कर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इस आयोजन में उपस्थित बड़ी संख्या में नर नारियों ने फूल गुलाल से जमकर होली खेली एवं भक्ति रस का आनंद लिया। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद एवं ठंडाई का वितरण किया गया।

# रतलाम मे होली के साथ दीपावली जैसा उत्सव, आतिशबाजी के साथ तिरंगा लेकर थिरके युवा

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम



भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार टी-20 वर्ल्डकप जीत लिया है। इंडिया लगातार दो बार टी-20 वर्ल्डकप जीतने वाली पहली टीम बन गई है। रतलाम में जीत का जश्न मनाने शहरवासी दो बत्ती चौराहे पर पहुंचे। हाथों में तिरंगा व भगवान झंडे लेकर भारत मां की जय, जय जय श्री राम के जयकारे लगा ढोल की थाप पर जमकर थिरके। आतिशबाजी कर रंग गुलाल उड़ाया।

मैच के दौरान शहर में अलग-अलग स्थानों पर एलईडी लगाकर लाइव प्रसारण देखा गया। न्यूजीलैंड का ८वां विकेट होते ही युवाओं की टोलियों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया था। देखते-देखते ही शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भीड़ दो बत्ती चौराहे पर पहुंची। कई लोग छोटे बच्चों व परिवार के साथ भी पहुंचे। जमकर जश्न मनाया। जश्न मनाने मुस्लिम व बोहरा समाज के लोग भी पहुंचे। हाथों में तिरंगा लेकर भारत की जीत का खुशी मनाई।

**पुलिस ने भीड़ को हटाया**

जश्न के होश में कुछ युवा आतिशबाजी कर पटाखें हवा में व भीड़ में फेंकते रहे। इससे परिवार के साथ आए लोगों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। रात 11.30 बजे तक जमा युवाओं की भीड़ नहीं हट रही थी तब सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, स्टेशन रोड थाना प्रभारी जितेंद्रसिंह जादौन ने बल के साथ सख्ती से हटाते हुए भीड़ को तीतर-बीतर कर दिया। खान-पान की खुली दुकानों को भी बंद करा दिया।

**भाजपा पदाधिकारियों की पुलिस से बहस**

पुलिस द्वारा सख्ती से लोगों को हटाने को लेकर जश्न मनाने आए भाजपा के भी कुछ पदाधिकारियों की बहसबाजी स्टेशन रोड थाना प्रभारी जितेंद्रसिंह जादौन से हो गई। दरअसल भीड़ को हटाने के दौरान कुछ पदाधिकारी सीएसपी ऑफिस की तरफ खड़े थे। उसी दौरान टीआई ने जाकर हटने को कहा। पदाधिकारियों का कहना था कि टीआई का बोलने की तरीका सही नहीं था। टीआई के बर्ताव को लेकर पदाधिकारियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महापौर प्रहलाद पटेल को जानकारी दी। टीआई के जाने के बाद सीएसपी पहुंचे।

### रंगपंचमी पर निकली जनता गेर एकता व सदभावना से रंग दिया नगर को

पिपलिया मंडी। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्थानीय नगर परिषद, पत्रकारों तथा नगर वासियों के संयुक्त तत्वाधान में रंगपंचमी उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान नगर परिषद कार्यालय से बैंड बाजे के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ी से रंगों की बौछार के साथ जनता गेर मुख्य बाजार, टिलाखेड़ा होते हुए नगर भ्रमण उपरांत वापस अपने निर्धारित स्थान पर पहूंची शाम विसर्जन के बाद पत्रकारों का भैसासरी माताजी मंदिर के पास डेम पर पर्यटक स्थल पर सामूहिक मिलन समारोह आयोजित किया गया। जहां फिर सभी पत्रकारों ने जमकर होली खेली।

### समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने गेहूं खरीदी और पेयजल व्यवस्था पर दिए निर्देश

मन्दसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग ने साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गेहूं उपार्जन की तैयारियां समय सीमा में पूर्ण की जाएं। जिले में अब तक 55 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है, जिसकी अंतिम तिथि 10 मार्च है। उन्होंने खरीदी केंद्रों पर बारदान, भंडारण और कर्मचारियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही, ग्रीष्मकाल को देखते हुए पीएचई और जल निगम के अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति सुचारू रखने, ट्यूबवेल मेंटेनेंस और कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है कि एचपीवी वैक्सीनेशन का समय बढ़ाकर शाम ८ बजे तक किया जाए ताकि अधिक से अधिक किशोरियों का टीकाकरण हो सके।

# पॉप सिंगर रिहाना के घर पर फायरिंग

**बेवर्ली हिल्स वाले घर पर महिला ने चलाईं 10 गोलियां, घर में मौजूद सिंगर सुरक्षित**





हॉलीवुड की मशहूर पॉप सिंगर रिहाना के घर के बाहर फायरिंग की घटना सामने आई है। इस घटना में रिहाना सुरक्षित हैं और कोई घायल नहीं हुआ है। लॉस एंजिल्स पुलिस ने इस मामले में एक 30 साल की महिला को हिरासत में लिया है। लॉस एंजिल्स पुलिस के मुताबिक, यह घटना कैलिफोर्निया (अमेरिका) के समय के अनुसार रविवार दोपहर करीब 1:21 बजे हुई। रिहाना के बेवर्ली हिल्स स्थित घर के गेट के सामने, सड़क के दूसरी तरफ खड़ी एक गाड़ी से 10 गोलियां चलाई गईं। लॉस एंजिल्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, एक गोली घर की दीवार को चीरते हुए आर-पार हो गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध महिला को मौके से गिरफ्तार कर लिया है।

**फायरिंग के वक्त घर के अंदर थीं रिहाना-** रिपोर्ट के मुताबिक, जब घर के बाहर गोलियां चल रही थीं, तब रिहाना अपने घर के अंदर ही मौजूद थीं। हालांकि, हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस अभी इस बात की जांच कर रही है कि महिला ने रिहाना को ही निशाना बनाया था या इसके पीछे कोई और वजह थी। फिलहाल रिहाना की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर भी हुई थी फायरिंग-** सिर्फ मुंबई ही नहीं, गैंगस्टर्स ने विदेश में भी भारतीय सितारों को निशाना बनाया है। कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के 'कैप्स कैफे' पर तीन बार फायरिंग की गई थी। इस हमले के तार भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग और गैंगस्टर गोल्डी बराड़ से जुड़े पाए गए थे। रिहाना के मामले में भी पुलिस अब अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन और गैंग्स के एंगल से जांच कर रही है।

**सलमान और रोहित शेट्टी के घर भी हो चुका हमला-** फिल्मी सितारों के घर पर फायरिंग का यह सिलसिला भारत से शुरू होकर अब हॉलीवुड तक जा पहुंचा है। अप्रैल 2024 में सलमान खान के मुंबई स्थित 'गैलेक्सी अपार्टमेंट' पर फायरिंग हुई थी, जिसकी जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली थी। इसके बाद 31 जनवरी 2026 की रात डायरेक्टर रोहित शेट्टी के जुहू वाले घर पर भी रंगदारी के मकसद से गोलियां चलाई गई थीं। रोहित शेट्टी के मामले में शुभम लोनकर गैंग का हाथ सामने आया था।



## सलमान के गाने पर थिरकीं ऐश्वर्या राय

**नीता अंबानी और अभिषेक बच्चन भी साथ नजर आए; सलाम-ए-इश्क' गाने पर डांस**

ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन हाल ही में एक शादी समारोह में शामिल हुए। मुदित अडाणी और अनन्या की इस वेडिंग सेरेमनी से ऐश्वर्या का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वीडियो में ऐश्वर्या राय, रिलायंस इंडस्ट्रीज की चेयरपर्सन नीता अंबानी के साथ सलमान खान की फिल्म के मशहूर गाने सलाम-ए-इश्क पर डांस करती नजर आ रही हैं। वीडियो में नीता अंबानी और ऐश्वर्या के साथ एक अभिषेक भी डांस फ्लोर पर नजर आ रहे हैं। नीता अंबानी ने इस मौके पर हल्के नीले रंग का कढ़ाई वाला खूबसूरत लहंगा पहना था। वहीं, ऐश्वर्या राय गहरे नीले रंग के सूट सेट में दिखाई दीं। अभिषेक बच्चन ने सफेद पैंट के साथ नीला बंदगला पहना था। सभी मेहमानों ने मिलकर सलाम-ए-इश्क गाने पर परफॉर्मेंस दी। यह गाना फिल्म सलाम-ए-इश्कः ए ट्रिब्यूट टू लव का है, जिसे शंकर-एहसान-लॉय ने कंपोज किया था।

**अर्जुन तेंदुलकर की शादी में भी साथ पहुंचा था कपल-** इस समारोह से पहले अभिषेक और ऐश्वर्या को क्रिकेट लेजेंड सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की शादी में भी देखा गया था। अर्जुन और एंटरप्रेन्योर सानिया चांडोक की शादी 5 मार्च 2026 को मुंबई में हुई। बच्चन परिवार के ये दोनों सदस्य बॉलीवुड की ओर से शादी में पहुंचने वाले शुरुआती मेहमानों में शामिल थे। अर्जुन की शादी में ऐश्वर्या ने हैवी एम्ब्रॉयडरी वाला लाइट ब्लू सूट पहना था, जबकि अभिषेक ब्लैक बंदगला और व्हाइट पैंट में नजर आए थे।



## अनुपम खेर दिवंगत सतीश कौशिक की बेटी के स्कूल पहुंचे

**वंशिका की प्ले की परफॉर्मेंस देखकर बोले- जिंदगी की सबसे बड़ी खुशी मिली**

दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक के निधन के बाद उनके परिवार के साथ खड़े रहने का वादा निभाते हुए अभिनेता अनुपम खेर ने एक बार फिर दोस्ती की मिसाल पेश की है। हाल ही में अनुपम खेर अपनी दिवंगत मित्र की बेटी वंशिका के स्कूल फंक्शन में पेरेंट बनकर पहुंचे और उसकी परफॉर्मेंस देखी। इस खास पल को उन्होंने सोशल मीडिया पर भी साझा किया।

अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि वंशिका को स्कूल के नाटक में परफॉर्म करते देखना उनके जीवन के सबसे बड़े खुशी के पलों में से एक था। उन्होंने बताया कि स्कूल में वंशिका ने नुक्कड़ नाटक में हिस्सा लिया और उसकी एक्टिंग देखकर उन्हें अपने पुराने दिनों की याद आ गई।

खेर ने लिखा, वंशिका के स्कूल फंक्शन में पेरेंट बनकर जाना और उसे नुक्कड़ नाटक में परफॉर्म करते देखना मेरी जिंदगी की सबसे बड़ी खुशी थी। कई साल पहले मैं और सतीश दिल्ली में साथ मिलकर स्ट्रीट प्ले किया करते थे। वंशिका बेहद टैलेंटेड, मेहनती और अच्छी एक्ट्रेस है। इस दौरान अनुपम खेर ने वंशिका की जमकर तारीफ की और उसके आत्मविश्वास व मेहनत की सराहना की। उन्होंने स्कूल की भी तारीफ करते हुए कहा कि कार्यक्रम का आयोजन बहुत अच्छे और व्यवस्थित तरीके से किया गया। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि वह भविष्य में भी वंशिका के ऐसे कार्यक्रमों में शामिल होते रहेंगे। अनुपम खेर ने इस मौके की कुछ तस्वीरें और वीडियो भी शेयर किए, जिनमें वह वंशिका के साथ नजर आ रहे हैं। एक वीडियो में वह उसकी परफॉर्मेंस की तारीफ करते दिखाई देते हैं।

# आयशा खान बोलीं- हर दिन मिलती हैं रेप की धमकियां

**धुरंधर एक्ट्रेस ने कहा-मेरे पीरियड्स पर गाना शूट करना एक नेशनल जोक बन गया**

एक्ट्रेस आयशा खान ने हाल ही में बताया कि सोशल मीडिया पर अक्सर उन्हें बॉडी को लेकर सेक्शुअल कमेंट्स मिलते हैं और लगभग हर दिन उन्हें रेप की धमकियां भी दी जाती हैं। मोजो स्टोरी की समिट में आयशा ने कहा कि हाल ही में उन्होंने फिल्म धुरंधर के गाने शरारत की शूटिंग से जुड़ा एक अनुभव शेयर किया था। उन्होंने बताया था कि उस गाने की शूटिंग उन्होंने पीरियड्स के दौरान की थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर उन्हें काफी ट्रोल किया गया। आयशा ने कहा कि उन्हें लगा कि उनके पीरियड्स पर होना अचानक एक नेशनल जोक बन गया है।

एक्ट्रेस ने कहा कि सोशल मीडिया पर लोग उनके कपड़ों को लेकर भी कमेंट करते हैं। उन्होंने कहा, मैं इंस्टाग्राम पर लगभग हर दिन अपनी बॉडी को लेकर सेक्शुअल कमेंट्स का सामना करती हूं। अगर मैं नॉर्मल टॉप पहनती हूं तो लोगों को समस्या होती है। अगर मैं स्कर्ट पहनती हूं तो भी लोगों को दिक्कत होती है। मुझे कुछ पोस्ट करने से पहले भी सोचना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि कई बार इस तरह की बातें उन्हें इमोशनली परेशान करती हैं। उनके मुताबिक अगर किसी को कपड़े पहनने या



फोटो पोस्ट करने से पहले सोचना पड़े, सिर्फ इसलिए कि लोग उसे सेक्शुअल तरीके से देखेंगे, तो यह एक दुखद स्थिति है।

**गलत कमेंट्स से डर लगता है: आयशा**

आयशा ने कहा कि कुछ दिनों में वह इन बातों को नजरअंदाज कर देती हैं, लेकिन कई बार ऐसे कमेंट्स ज्यादा परेशान करते हैं, खासकर जब लोग हिंसा की बात करते हैं। उन्होंने कहा, जब लोग लिखते हैं कि अगर उनके पास ताकत होती तो वह कुछ भी कर सकते थे, तो यह डराने वाला होता है। क्योंकि यह असली लोग हैं जो हमारे आसपास ही रहते हैं।

### लगभग हर दिन रेप की धमकियां भी मिलती हैं: आयशा

समिट के दौरान आयशा से पूछा गया कि क्या उन्हें ऑनलाइन रेप की धमकियां मिलती हैं? इस पर उन्होंने कहा, हां, लगभग हर दिन। मैं अभी अपना फोन खोलकर दिखा सकती हूं। यह अब बहुत नॉर्मल हो गया है।

उन्होंने कहा कि इंटरव्यू और सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग के सवाल अक्सर उठते हैं, लेकिन इस पर ज्यादा कार्रवाई नहीं होती। उनके मुताबिक यह कोई नई समस्या नहीं है। यह काफी समय से चली आ रही है। आयशा ने यह भी कहा कि यह समस्या सिर्फ उनके साथ नहीं है। पब्लिक लाइफ में रहने वाली लगभग हर महिला को इस तरह की ट्रोलिंग और धमकियों का सामना करना पड़ता है।



### एक्ट्रेस ने बताया- उनके साथ रेप की कोशिश हुई

आयशा ने अपने जीवन की एक निजी घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि उनके साथ एक बार रेप की कोशिश भी हो चुकी है। उन्होंने कहा, मैंने पहले भी एक इंटरव्यू में इसके बारे में बात की है। मैं इस विषय पर ज्यादा नहीं जाना चाहती। कुछ दिन ऐसे होते हैं जब यह घटना फिर याद आ जाती है और मन को परेशान करती है। आयशा ने कहा कि ऑनलाइन धमकियों के असल जिंदगी में सच हो जाने का डर भी उन्हें रहता है। उन्होंने कहा कि जब कोई महिला सफर कर रही होती है या किसी फिल्म के सेट पर काम कर रही होती है, तब भी उसे याद रहता है कि ऐसे कमेंट करने वाले लोग असल में आसपास ही मौजूद हो सकते हैं।

आयशा ने एक घटना का भी जिक्र किया जो शूटिंग के दौरान हुई थी। उन्होंने बताया कि वह एक फिल्म की शूटिंग कर रही थीं और उस दिन उनके पिता भी सेट पर मौजूद थे। उसी समय उन्होंने इंस्टाग्राम खोला। वहां एक ऐसा मैसेज दिखा जो उन्हें लंबे समय से मिल रहा था। उसमें वॉइस नोट भी थे। बाद में उन्हें पता चला कि वह मैसेज सेट पर काम करने वाले एक स्पॉट बॉय का था। उन्होंने तुरंत अपने पिता और प्रोडक्शन टीम को इसकी जानकारी दी। इसके बाद उस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की गई। आयशा ने कहा कि इस घटना से उन्हें यह एहसास हुआ कि ऑनलाइन ट्रोलिंग और धमकियां कभी-कभी असल जिंदगी के बहुत करीब भी हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति पब्लिक लाइफ में है और सोशल मीडिया अकाउंट पब्लिक है, तो वह हमेशा लोगों की नजर में रहता है। ऐसे में ट्रोलिंग और गलत कमेंट्स का खतरा भी बढ़ जाता है।

# टीम ऑफ द टूर्नामेंट में संजू-बुमराह समेत 4 भारतीय

## साउथ अफ्रीका के मार्करम कप्तान, पाकिस्तान के फरहान और वेस्टइंडीज के होल्डर भी शामिल





ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आईसीसी ने सोमवार को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट का ऐलान किया है। चैंपियन बनी भारतीय टीम के चार खिलाड़ी इस टीम में शामिल किए गए हैं। इनमें संजू सैमसन, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह का नाम है।

टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को टीम का ओपनर बनाया गया है। इस टीम की कप्तानी साउथ अफ्रीका को सेमीफाइनल तक पहुंचाने वाले एडेन मार्करम को दी गई है। जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी और वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर भी टीम में शामिल हैं।

**संजू प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट-** टीम में संजू सैमसन का ओपनर और बतौर विकेटकीपर नाम हैं। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संजू सैमसन ने पांच पारियों में 321 रन बनाए। वह वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच रहे और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन की पारी खेली, जो टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है।

**3 अर्धशतक बनाने वाले ईशान भी टीम में-** ईशान किशन ने भी पूरे टूर्नामेंट में शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 317 रन बनाए और 193.29 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए टीम की बल्लेबाजी को मजबूती दी। पाकिस्तान के खिलाफ 77 रन की पारी और फाइनल में अर्धशतक उनकी अहम पारियों में शामिल रही।

**हार्दिक-जसप्रीत को भी जगह-** हार्दिक पांड्या को ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए टीम में जगह मिली। उन्होंने दो अर्धशतक लगाए और पूरे टूर्नामेंट में 9 विकेट भी लिए। वहीं जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए आठ मैच में 14 विकेट लिए। फाइनल में उन्होंने 4 विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई और प्लेयर ऑफ द मैच बने।

**साउथ अफ्रीका-इंग्लैंड के 2-2 प्लेयर्स-**टीम में पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान भी शामिल हैं, जो 383 रन के साथ टूनामेंट के टॉप स्कोरर रहे। साउथ अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम और तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी को भी टीम में जगह मिली है।

इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स और स्पिनर आदिल राशिद, वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर और जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजारबानी भी टीम ऑफ द टूनामेंट में शामिल हैं। अमेरिका के शैडली वैन शाल्कविक को टीम का 12वां खिलाड़ी चुना गया है।

**वरुण, सूर्या और अभिषेक टीम में जगह नहीं-** भारत की टी-20 वर्ल्ड कप जिताने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव और इस फॉर्मेट के नंबर-1 बैटर और बॉलर अभिषेक शर्मा और वरुण चक्रवर्ती को टीम में जगह नहीं मिल पाई। सूर्या ने 9 मैच में 242 और अभिषेक ने 8 मैच में 141 रन बनाए। वहीं वरुण चक्रवर्ती के नाम 14 विकेट थे।

**न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया का कोई खिलाड़ी नहीं-** फाइनल खेलने वाली न्यूजीलैंड के किसी भी प्लेयर को टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं ग्रुप स्टेज में जिम्बाब्वे से हारकर बाहर होने ऑस्ट्रेलिया के भी किसी भी खिलाड़ी को टीम में नहीं रखा गया है।

# कोच साहब, आप पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है: एमएस धोनी



## सचिन ने कहा- इनक्रेडिबल वर्क टीम इंडिया, कोहली ने जीत को अद्भुत बताया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जोहान्सबर्ग

भारत की टी-20 वर्ल्ड कप जीत ने एमएस धोनी को भी सोशल मीडिया पोस्ट करने पर मजबूर कर दिया। पूर्व कप्तान धोनी ने चैंपियन टीम की फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की और लिखा, अहमदाबाद में इतिहास रचा गया। कोच साहब (गौतम गंभीर), आपके चेहरे पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है। वहीं सचिन तेंदुलकर पूरे मैच के दौरान एक्स पर एक्टिव नजर आए। जीत के बाद उन्होंने कहा, टीम इंडिया ने इनक्रेडिबल वर्क किया। विराट कोहली बोले, अहमदाबाद में भारत ने अद्भुत जीत हासिल की।

भारत ने रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल जीता। टीम ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया और 3 साल में तीसरा आईसीसी टाइटल अपने नाम किया। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप भी तीसरी बार ही जीता है। बुमराह चैंपियन बॉलर- धोनी एमएस धोनी ने 21 महीने बाद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कोई फोटो शेयर की। उन्होंने लिखा, अहमदाबाद में इतिहास रचा गया। टीम इंडिया, सपोर्ट स्टाफ और सभी फैंस को बधाइयां। आप सभी को खेलते हुए देखकर बहुत खुशी हुई। कोच साहब (गौतम गंभीर) आपके चेहरे पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है। मैच इंटेंसिटी के साथ आपकी स्माइल एक किलर कॉम्बिनेशन है। बेहतरीन प्रदर्शन, मजे कीजिए। बुमराह के बारे में कुछ न लिखूं तो ही अच्छा है। चैंपियन बॉलर।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोनि सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









## एआई कंपनी एंथ्रोपिक ने

# ट्रंप प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा, पेंटागन पर किया मुकदमा




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एआई कंपनी एंथ्रोपिक ने पेंटागन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। दरअसल बीते दिनों पेंटागन ने एंथ्रोपिक को आपूर्ति श्रृंखला खतरा कैटेगरी में वगीकृत कर दिया था। कंपनी ने इसका विरोध किया है और सरकार के इस फैसले के खिलाफ अदालत का रुख किया है।

एआई कंपनी एंथ्रोपिक ने सोमवार को अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन और अन्य संघीय एजेंसियों के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। एंथ्रोपिक ने ट्रंप प्रशासन के उस फैसले के खिलाफ ये मुकदमा दायर किया है, जिसमें एंथ्रोपिक को 'आपूर्ति श्रृंखला जोखिम' के रूप में वगीर्कृत किया गया है।

**एंथ्रोपिक ने सरकार के कदम को बताया गलत-** यह मामला अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन और दुनिया की प्रमुख एआई कंपनियों के बीच चल रही खींचतान का उदाहरण है। किसी कंपनी को आपूर्ति श्रृंखला जोखिम कैटेगरी में तब डाला जाता है, जब उस पर विदेशी विरोधियों से जुड़े होने का शक होता है। इससे एंथ्रोपिक कंपनी के पेंटागन के साथ व्यापार प्रभावित हो सकता है। एंथ्रोपिक का आरोप है कि उसे आपूर्ति श्रृंखला कैटेगरी में वगीर्कृत करना और ट्रंप सरकार द्वारा कंपनी को तकनीक का उपयोग बंद करने का निर्देश देना कानूनी रूप से गलत है। कंपनी ने सरकार के इन कदमों से कड़ी नाराजगी जाहिर की है।

**क्या है विवाद-** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन, एंथ्रोपिक कंपनी के एआई मॉडल क्लाउड का इस्तेमाल कई सरकारी और सैन्य कामों में करना चाहता था, लेकिन कंपनी ने साफ कर दिया कि उसकी एआई तकनीक का इस्तेमाल नागरिकों की निगरानी के काम में नहीं होना चाहिए।

## बाजार धड़ाम व सोना-चांदी में उथल-पुथल

# जंग का आर्थिक प्रहारः कच्चे तेल में आग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



पश्चिम एशिया में जारी लड़ाई के कारण कच्चे तेल में आग लग गई है। रुपया 92.33 के ऐतिहासिक निचले स्तर पर चला गया है और शेयर बाजार में भारी बिकवाली दर्ज की गई है। आइए पांच आसान सवालों में समझते हैं अर्थव्यवस्था पर इस तिहरे प्रहार का पूरा असर।

पश्चिम एशिया में ईरान से जुड़े युद्ध और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने भारत समेत दुनियाभर के वित्तीय बाजारों को बुरी तरह झकझोर दिया है और अर्थव्यवस्था के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। सोमवार को वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के कारण भारतीय इक्विटी और मुद्रा (करेंसी) बाजार में चौतरफा बिकवाली दिखी। इस संकट ने निवेशकों को करीब 12 लाख करोड़ रुपये का चूना लगा दिया। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, भारत इस समय एक 'तिहरे प्रहार'- महंगा कच्चा तेल, गिरते रुपये और शेयर बाजार में गिरावट का सामना कर रहा है। वहीं, सोने-चांदी की कीमतों में भी लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है।

आइए समझते हैं कि यह संकट क्यों पैदा हुआ है और इसका आपकी जेब व देश की अर्थव्यवस्था पर क्या असर पड़ सकता है।

**शेयर बाजार में अचानक इतनी बड़ी गिरावट का मुख्य कारण क्या है-** पश्चिम एशिया में ईरान-इस्राइल-अमेरिका युद्ध के कारण कच्चे तेल की सप्लाई बाधित होने का भारी डर पैदा हो गया है। इस दहशत के कारण सोमवार को सेंसेक्स 2,400 अंकों का गोता लगा गया, जबकि निफ्टी करीब 3% टूटकर 24,028.05 के स्तर पर आ गया। भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) तेजी से अपना पैसा निकालकर सुरक्षित विकल्पों (जैसे डॉलर) का रुख कर रहे हैं। इससे बाजार में बिकवाली की सुनामी आ गई है। हालांकि, बाजार बंद होते समय सेंसेक्स और निफ्टी अपने निचले स्तरों से संभलकर बंद हुए।

**कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से भारत को सबसे ज्यादा खतरा क्यों है-** भारत अपनी जरूरत का 89% से ज्यादा कच्चा तेल आयात करता है। युद्ध शुरू होने के बाद से ब्रेंट क्रूड 50% से अधिक उछलकर 117 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता 'होर्मुज जलडमरूमध्य' है, जहां से हमारा रोजाना 26 लाख बैरल तेल गुजरता है। कतर के ऊर्जा मंत्री ने चेतावनी दी है कि अगर खाड़ी देशों के ऊर्जा निर्यात पर असर पड़ा, तो तेल की कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं। ऊर्जा की बढ़ती कीमतें व्यापक मुद्रास्फीति की आशंकाओं को बढ़ावा देती हैं, जिससे फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की गति में देरी हो सकती है। उन्होंने आगे कहा कि इस परिदृश्य से अमेरिकी डॉलर और ट्रेजरी यील्ड को समर्थन मिला, जिससे बदले में कीमती धातुओं पर दबाव पड़ा। तेल महंगा होने से भारतीय आयातकों की ओर से डॉलर की भारी मांग पैदा हुई है। रिजर्व बैंक के दखल के बावजूद भारी दबाव के चलते रुपया 92.33 प्रति डॉलर के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर लुढ़क गया। रुपये की इस कमजोरी से न सिर्फ हमारा आयात बिल बढ़ेगा, बल्कि चालू खाता घाटा भी बढ़ेगा।

**क्या इस संकट से कॉरपोरेट कंपनियों और महंगाई पर सीधा असर पड़ेगा-** जी हां। कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से लॉजिस्टिक्स, ट्रांसपोर्टेशन, विमानन और मैन्युफैक्चरिंग जैसे सेक्टर्स की लागत बढ़ जाएगी। इसका सीधा असर महंगाई पर होगा, क्योंकि माल ढुलाई महंगी होने से आम जरूरत की चीजें महंगी हो जाएंगी। हालांकि वित्त मंत्री ने सोमवार को लोकसभा में देश को भरोसा दिया है कि क्रूड ऑयल की कीमतें भरते से तत्कालिक रूप से देश में महंगाई बढ़ने की आशंका नहीं है। दूसरी ओर, विश्लेषक निफ्टी की कंपनियों की आय में 12% वृद्धि की उम्मीद कर रहे थे, उनका मानना है कि अब कंपनियों के मार्जिन सिकुड़ेंगे और अर्निंग रिकवरी शिथिल पड़ सकती है।

### सोने-चांदी में उतार-चढ़ाव और रुपये के टूटने के क्या मायने हैं?

- सोमवार को दिल्ली में चांदी की कीमतों में 3,400 रुपये की गिरावट आई और यह 2.68 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि सोने का भाव लगभग स्थिर रहा और 1,64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बना रहा। अस्थिर वैश्विक बाजारों के बीच मजबूत अमेरिकी डॉलर ने कीमती धातुओं की मांग को कम कर दिया।
- ऑल इंडिया सरार्फा एसोसिएशन के अनुसार, सफेद धातु (सोने) में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और शुक्रवार के बंद भाव 2,71,700 रुपये प्रति किलोग्राम से गिरकर 3,400 रुपये या लगभग 1.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,68,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ₹कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि से मुद्रास्फीति का दबाव फिर से बढ़ने की आशंका बढ़ गई है, जिसके चलते चांदी की कीमतों में पिछले सप्ताह की गिरावट जारी रही।

## सरकार का बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर

# घाटा नियंत्रित रखते हुए निवेश को मिल रहा बढ़ावा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय की फरवरी 2026 की आर्थिक समीक्षा के अनुसार, सरकार वित्तीय घाटे को नियंत्रित रखते हुए इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च बढ़ा रही है। अप्रैल-जनवरी के दौरान पूंजीगत व्यय 11.2% बढ़ा है, जबकि राजस्व खर्च सीमित रहा। वित्त मंत्रालय की फरवरी 2026 की मासिक आर्थिक समीक्षा के मुताबिक, केंद्र सरकार खर्च और घाटे को नियंत्रित रखते हुए बुनियादी ढांचे पर ज्यादा पैसा खर्च कर रही है, ताकि आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल सके।

**पूंजीगत व्यय को लेकर रिपोर्ट में क्या-** समीक्षा के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से जनवरी के बीच पूंजीगत व्यय में 11.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं राजस्व व्यय में केवल 1.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जिससे पता चलता है कि सरकार बुनियादी ढांचा निर्माण को प्राथमिकता दे रही है।


**राजकोषीय घाटा को लेकर बड़ा दावा-** वित्त मंत्रालय ने बताया कि बेहतर राजस्व संग्रह और खर्च के बेहतर प्रबंधन की वजह से इस साल सरकार के राजकोषीय संकेतकों में सुधार हुआ है। जनवरी तक राजकोषीय घाटा पिछले साल की समान अवधि की तुलना में कम रहा। समीक्षा में यह भी कहा गया है कि केंद्रीय बजट 2026-27 में भी यही रणनीति जारी रहेगी। सरकार आर्थिक विकास को बनाए रखने के लिए पूंजीगत व्यय को जारी रखते हुए वित्तीय अनुशासन पर भी ध्यान दे रही है।

**राजकोषीय घाटे का लक्ष्य -** सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी के 4.3 प्रतिशत पर रखा है। इसका मतलब है कि सरकार धीरे-धीरे घाटा कम करने के साथ-साथ विकास के लिए निवेश भी जारी रखेगी।

## हवाई क्षेत्र बंद होने से इंडिगो की दिल्ली-मैनचेस्टर फ्लाइट

# सात घंटे बाद वापस लौटी, शेयर पड़े कमजोर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली




पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण एयरस्पेस प्रतिबंधों की वजह से इंडिगो की दिल्ली-मैनचेस्टर फ्लाइट को करीब सात घंटे उड़ान के बाद वापस दिल्ली लौटना पड़ा। इस बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और भू-राजनीतिक तनाव के कारण इंडिगो के शेयरों में भी गिरावट दर्ज की गई।

पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के कारण कई देशों ने अचानक अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। इसी वजह से इंडिगो की दिल्ली से मैनचेस्टर जाने वाली फ्लाइट को करीब सात घंटे उड़ान भरने के बाद वापस दिल्ली लौटना पड़ा। एयरलाइन ने सोमवार को इस घटना की पुष्टि की।

एयरलाइन के प्रवक्ता के मुताबिक, फ्लाइट 6ए 033 दिल्ली से मैनचेस्टर के लिए रवाना हुई थी, लेकिन उड़ान के दौरान कुछ देशों द्वारा अंतिम समय में एयरस्पेस प्रतिबंध लागू कर दिए गए। इसके चलते विमान को सुरक्षा कारणों से वापस दिल्ली लौटना पड़ा।

एयरलाइन को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा?

प्रवक्ता ने कहा कि पश्चिम एशिया और उसके आसपास की स्थिति तेजी से बदल रही है। ऐसे हालात में कई उड़ानों को लंबा मार्ग लेना पड़ सकता है या उन्हें बीच रास्ते से ही मोड़ना पड़ सकता है। इसी वजह से इस उड़ान को भी अपने शुरूआती स्थान दिल्ली लौटना पड़ा।

एयरलाइन ने बताया कि यात्रियों की यात्रा फिर से शुरू कराने के लिए संबंधित अधिकारियों और एयरपोर्ट एजेंसियों के साथ समन्वय किया जा रहा है। कंपनी के अनुसार यात्रियों, क्रू और विमान की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस घटना की जानकारी सबसे पहले फ्लाइट ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म फ्लाइट रिडर24 ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की थी। ट्रैकिंग डेटा के अनुसार विमान ने इथियोपिया और इरिट्रिया की सीमा के पास यू-टर्न लिया और भारत की ओर लौट गया। यह उड़ान 26 फरवरी के बाद दिल्ली-मैनचेस्टर रूट पर इंडिगो की पहली फ्लाइट थी।

### एयरलाइन के शेयरों में आई गिरावट

इस घटनाक्रम का असर शेयर बाजार में भी दिखा। सोमवार को इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो) के शेयरों में दबाव देखा गया। बीएसई पर कंपनी का शेयर करीब 4 प्रतिशत गिरकर 4,236 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 4,035.65 रुपये के निचले स्तर तक पहुंच गया, जो पिछले सप्ताह के बंद स्तर से लगभग 8.37 प्रतिशत कम है।

**क्या है विशेषज्ञों की राय-** विश्लेषकों के अनुसार निवेशकों की चिंता का एक प्रमुख कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी भी है। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के चलते वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई है। रिपोर्टों के मुताबिक, प्रमुख तेल उत्पादकों द्वारा उत्पादन घटाने और होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रभावी रूप से बंद रहने की आशंका के कारण कीमतें करीब 110 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं। माना जा रहा है कि अगर पश्चिम एशिया में तनाव लंबे समय तक जारी रहता है, तो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के मार्ग, ईंधन लागत और एयरलाइंस के परिचालन पर इसका असर और बढ़ सकता है।

## एफटीए भारत के लिए खोल रहे दुनिया के दरवाजे : पीयूष गोयल

# दवाइयों और मेडिकल टेक्नोलॉजी को मिलेगा बड़ा फायदा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि भारत को अपने हेल्थकेयर सेक्टर को निर्यात से और अधिक जोड़ना चाहिए। इसके लिए नर्स, केयरगिवर और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित करना जरूरी है, क्योंकि भारत और विदेश दोनों जगह उनकी मांग तेजी से बढ़ रही है। इससे भारत को न केवल रोजगार और विदेशी मुद्रा मिलेगी, बल्कि भारतीय सेवाओं और उत्पादों की वैश्विक मौजूदगी भी बढ़ेगी।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत द्वारा किए गए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) देश के फार्मास्यूटिकल, हेल्थकेयर और मेडिकल टेक्नोलॉजी सेक्टर के लिए नए अंतरराष्ट्रीय बाजार खोल रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन समझौतों के जरिए भारत वैश्विक व्यापार में अपनी स्थिति को और मजबूत बना रहा है। सोमवार को 'सबका साथ, सबका विकासः लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना' विषय पर आयोजित पोस्ट-बजट वेबिनार में बोलते हुए पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले लगभग साढ़े तीन वर्षों में भारत ने कुल नौ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। इनमें से पांच समझौते पिछले एक साल के भीतर ही पूरे हुए हैं। इन समझौतों के कारण अब दुनिया के लगभग दो-तिहाई व्यापारिक बाजार भारत के लिए खुले हैं। उन्होंने कहा कि इन समझौतों के तहत भारत को कई देशों में कम आयात शुल्क और बेहतर बाजार पहुंच मिलती है। इससे भारतीय कंपनियों को अपने उत्पादों को विदेशों में बेचने के अधिक अवसर मिलते हैं और निर्यात बढ़ाने का रास्ता खुलता है। पीयूष गोयल ने यह भी स्पष्ट किया कि मुक्त व्यापार समझौते केवल बड़े उद्योगों के लिए नहीं होते, बल्कि किसानों, मछुआरों, एमएसएमई, छोटे उद्योगों और व्यापारियों को भी इनसे लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि खास तौर पर फार्मा और मेडिकल उपकरण बनाने वाली कंपनियों के लिए ये समझौते काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं। भारत को पहले से ही दुनिया में 'फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड' के रूप में पहचाना जाता है, इसलिए इस क्षेत्र में भारत के पास बड़ी संभावनाएं हैं।

## खाड़ी देशों से आठ हजार यात्रियों की वतन वापसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

युद्ध के बीच खाड़ी देशों में फंसे यात्रियों को निकालने के लिए लगातार उड़ान सेवाएं संचालित की जा रही हैं। सोमवार को भारत के अलग-अलग हिस्सों से जेद्दा, अबूधाबी, दुबई, मस्कट और अन्य शहरों के बीच उड़ान सेवा संचालित की गई। सोमवार को करीब आठ हजार भारतीय वापस अपने देश पहुंचे हैं।

एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा सोमवार को जेद्दा और मस्कट के लिए 24 निर्धारित उड़ानें संचालित की गई। इसके साथ ही, दोनों विमानन कंपनियों ने यूएई के विभिन्न स्थानों से आने-जाने के लिए 30 से अधिक अतिरिक्त उड़ानें संचालित कीं। उधर, स्पाइसजेट द्वारा चार अतिरिक्त उड़ानें संचालित की गई। इंडिगो द्वारा भी खाड़ी देशों से जुड़े विभिन्न शहरों के बीच अतिरिक्त उड़ान सेवाओं को परिचालन किया गया। अनुमान है कि एक दिन के अंदर आठ से 10 हजार यात्री भारत लौटे हैं।

## हमले के विरोध में देशभर में प्रदर्शन करेगी एसएफआई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने मंगलवार को देशभर में एंटी-वॉर डे मनाने और ईरान पर हमले के विरोध में छात्र समुदाय से बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

संगठन की केंद्रीय कार्यकारी समिति ने बयान जारी कर कहा है कि अमेरिका और इजरायल की कार्रवाई ने मध्य पूर्व को अस्थिरता की स्थिति में धकेल दिया है। एसएफआई का आरोप है कि इस युद्ध में बड़ी संख्या में आम नागरिकों की जान गई है और स्कूलों तथा अस्पतालों पर भी हमले किए गए हैं। भारत मामले में स्पष्ट रुख अपनाए : संगठन ने यह भी दावा किया कि हिंद महासागर में ईरान के जहाज आईआरआईएस डेना पर हमले में सैनिकों की मौत हुई। एसएफआई ने कहा कि इन घटनाओं के खिलाफ भारत को स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए था, लेकिन केंद्र सरकार ने अब तक इसकी खुलकर निंदा नहीं की है।

### न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा रहा, अगले एक सप्ताह तक राहत मिलने के आसार नहीं

# आफत: दिल्ली में दिन के साथ रात भी तपने लगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में अब दिन के साथ-साथ रात में भी पसीने छुड़ाने वाली गर्मी पड़ने लगी है। सोमवार को दिल्ली को मानक वेधशाला सफदरजंग में न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले सप्ताह भर दिल्ली का अधिकतम और न्यूनतम तापमान तीन से छह डिग्री तक ज्यादा रहेगा।

दिल्ली के ज्यादातर लोगों को इस बार मार्च के महीने में अप्रैल जैसी गर्मियों का सामना करना पड़ रहा है। आमतौर पर जाड़े के मौसम में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ से मौसम में बदलाव देखने को मिलता रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते दिल्ली समेत उत्तर भारत के एक बड़े हिस्से में बारिश होती रही है, हवा की गति बढ़ती है और उच्च हिमालयी क्षेत्रों में हिमपात होता है। लेकिन, इस बार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ आए। जिनके चलते हिमपात भी कम हुआ और बारिश भी कम हुई। इसके चलते हवा सूखी है। हवा में नमी नहीं है जबकि सुबह से ही तेज धूप निकल रही है। इसके चलते लोगों को सामान्य से ज्यादा गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। फरवरी महीने का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 2.9 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा था। अब मार्च के महीने में भी मौसम का यही रुख बना हुआ है।

दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में सोमवार की सुबह से तेज तेज धूप निकली रही। सफदरजंग में अधिकतम तापमान 35.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जो कि सामान्य से 6.9 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। जबकि, न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहा। जो कि सामान्य से 05 डिग्री ज्यादा है। मौसम विभाग के आंकड़ों पर नजर डालें तो यह इस मौसम की सबसे गर्म रात थी। इससे पहले पांच मार्च को अधिकतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।

### सामान्य से ऊपर रहेगा पारा

दिल्ली का पारा अभी सामान्य से ऊपर ही रहने की संभावना है। दरअसल, अगले कुछ दिनों में मौसम में कोई बड़ी गतिविधि होने की संभावना नहीं है। दिन भर तेज धूप निकलेगी और हवा में नमी का स्तर कम रहेगा। इसके चलते गर्म मौसम बना रहेगा। सोमवार को भी हवा में नमी का स्तर 35 से 92 फीसदी तक रहा।



## जम्मू-कश्मीर में तेज बारिश, बर्फबारी-ओलावृष्टि की चेतावनी :हिमाचल, गुजरात, महाराष्ट्र में हीट वेव का अलर्ट

जम्मू-कश्मीर में मौसम विभाग ने 10 और 11 मार्च के लिए तेज बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। विभाग के मुताबिक एक नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में 15 मार्च तक हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना है। हिमाचल प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और गोवा में तेज गर्मी और हीटवेव की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग ने महाराष्ट्र और राजस्थान में तापमान 40 डिग्री के ऊपर रहने का अनुमान जताया है। उधर, मध्य प्रदेश में इंदौर के देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट पर रनवे के एक हिस्से पर डामर की परत मरम्मत के काम के दौरान ज्यादा तापमान की वजह से पिघलकर ढीली हो गई। इसकी वजह से दो पैसेंजर फ्लाइट्स को भोपाल डायवर्ट करना पड़ा।

मौसम विभाग के अनुसार इन दिनों राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों से गर्म हवाएं आ रही हैं। जिसका असर मैदानी राज्यों में देखने को मिल रहा है। हवा की दिशा उत्तर-पूर्व से अब पश्चिम और उत्तर-पश्चिम हो गई है। वहीं, हवा में नमी बहुत कम है। इससे आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ेगा। इससे धूप का तीखापन भी बढ़ सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, हीटवेव तब मानी जाती है, जब मैदानों में तापमान 40 डिग्री या उससे ज्यादा पहुंच जाए। अगर सामान्य तापमान से 4 से 6 डिग्री ज्यादा दर्ज किया जाए। ऐसी स्थिति में लोगों की सेहत पर भी असर पड़ सकता है और लू लगने का खतरा बढ़ जाता है।

## असर : अचानक बढ़ी तेज गर्मी ने नींद पर किया प्रहार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

हिटी चैत्र में ही जेठ जैसी तपिश ने लोगों की सेहत पर असर दिखाना शुरू कर दिया है। दिन के साथ रात का तापमान भी बढ़ने से नींद प्रभावित हो रही है। नतीजतन थकान, बेचैनी के मरीज बढ़ रहे हैं। इसकी तस्दीक कानपुर के जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में मरीजों की केस हिस्ट्री भी कर रही है। थकान, बेचैनी और नींद न आने की समस्या लेकर 88 मरीज इलाज के लिए पहुंचे। इनमें 50 फीसदी ऐसे थे, जो दिन में लंबे समय तक धूप में काम करते हैं या जिनकी दिनचर्या अनियमित है।

**हार्मोन बिगड़ रहे :** मेडिकल कॉलेज के डॉ. जेएस कुशवाहा का कहना है कि तापमान में अचानक वृद्धि से शरीर में कॉर्टिसोल नामक तनाव हार्मोन का स्तर बढ़ने लगता है। इसका स्तर अधिक होने पर बेचैनी, चिड़चिड़ापन और नींद में कमी जैसी समस्याएं बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही रात का तापमान अधिक रहने से नींद को नियंत्रित करने वाला हार्मोन मेलाटोनिन भी प्रभावित होता है। सामान्य स्थिति में शरीर को गहरी नींद मिलती है, लेकिन जब रात में तापमान अधिक होता है तो यह प्रक्रिया बाधित हो जाती है। इससे देर से नींद आती है या नींद बार-बार टूटने लगती है।

### पश्चिमी एशिया में बिगड़े हालात के बीच हवाई किराये में भारी बढ़ोतरी

# दुनिया में अब तक 27 हजार उड़ानें रद्द

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली




पश्चिमी एशिया में तनाव के बीच हवाई यात्रा काफी हद तक प्रभावित हो रही है। युद्ध के बीच कई अंतरराष्ट्रीय मार्ग बंद हैं जिसके चलते विमानों को लंबा रूट तय करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में हवाई किराए में भारी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। कई मार्गों पर हवाई किराया बढ़कर चार गुना हो गया है।

उधर, खाड़ी देशों में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए संचालित की जा रही उड़ान सेवा भी बीच-बीच में रुक रही है। हमले की स्थिति में कई बार घंटों हवाई अड्डे पर या फिर हवा में इंतजार करना पड़ रहा है जिससे समय और ईंधन की खपत अधिक हो रही है। इसी स्थिति के बीच हवाई यात्रा किराए में भारी बढ़ोतरी की जा रही है। खासकर खाड़ी देशों से भारत लौटना काफी महंगा हो गया है। इसलिए खाड़ी देशों में फंसे यात्रियों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है। उधर, खाड़ी मार्गों से आने वाली सैकड़ों उड़ानें रद्द हो चुकी हैं।

खाड़ी से लौटना चार गुना तक महंगा : सोमवार को दिल्ली से आबूधाबी का हवाई टिकट 11,875 से 17 हजार तक मिल रहा था। जबकि आबू धाबी से दिल्ली लौटने का किराया 42,990 था। दिल्ली से आबू धाबी के बीच चलने वाली अधिकांश उड़ानें खाली चल रही हैं। जबकि उधर से आने वाले लोगों की संख्या अधिक है, जिससे मांग तेजी से बढ़ रही है। मांग अधिक होने पर किराया भी बढ़ रहा है। सुरक्षा कारणों से खाड़ी देशों से होते हुए यूरोप, अमेरिका जाने वाले विमान लंबे रूट से जा रहे हैं। इससे वैश्विक स्तर पर यात्रा से जुड़े किराए में वृद्धि हुई है। दिल्ली से ब्रिटेन का हवाई किराया सामान्य दिनों में 32 से 40 हजार के बीच रहता है पर सोमवार को किराया 90,178 था।

## महाराष्ट्र में गोरक्षकों ने ट्रक हेल्पर को गोबर खिलाया:ड्राइवर पर हमला किया, दो गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र के पुणे में मुंबई बेंगलुरु हाइवे पर एक ट्रक के समुदाय विशेष हेल्पर को गो रक्षकों ने गोबर खाने के लिए मजबूर किया। साथ ही गोरक्षकों ने ट्रक के ड्राइवर पर भी हमला किया।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक घटना पिछले हफ्ते 6 मार्च की है। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीन आरोपियों ने कथित तौर पर ट्रक ड्राइवर और उसके हेल्पर पर हमला किया, यह आरोप लगाते हुए कि वे नकली कागजों पर भैंसों को ले जा रहे थे। पुलिस ने कहा कि तीन गोरक्षकों विपाशा उर्फ ??आकाश मणिकम, हेमंत गायकवाड़, और विराज सोले ने 6 मार्च की सुबह मुंबई-बेंगलुरु हाईवे पर अंबेगांव के पास भैंसों से भरे एक ट्रक को रोका। उन्होंने कहा कि तीनों ने आरोप लगाया कि वे नकली कागजो पर भैंसों को ले जा रहे थे। इसके बाद ट्रक ड्राइवर और हेल्पर के साथ मारपीट की। पुणे जिले के अंबेगांव पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, हमने शुरू में तीन गौरक्षकों के खिलाफ एक नॉन-कॉग्निजेबल अपराध दर्ज किया था। उन्होंने बताया कि ड्राइवर ने दावा किया कि उसके और उसके असिस्टेंट के साथ मारपीट की गई थी। बाद में, एक वीडियो ऑनलाइन सामने आया जिसमें तीनों आरोपी असिस्टेंट को गाय का गोबर खाने के लिए मजबूर करते और उसके और उसके धर्म के खिलाफ अपमानजनक बातें करते हुए देखे गए।

## लेबनान पर सफेद फास्फोरस से हमला

# इजरायल ने हमले से पूर्व क्षेत्र खाली करने का कहा था, अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत इसका प्रयोग गैर कानूनी

ब्रह्मास्त्र ›› तेहरान, तेल अवीव, वाशिंगटन

इजरायल ने लेबनान पर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। दावा है कि इजरायल ने दक्षिणी लेबनान के गांव योमोर में सफेद फास्फोरस से हमला किया। इजरायल ने ईरान के रिवॉल्यूशनी गार्ड के कमांड सेंटर और बेसिज फोर्सेज को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं।

ईरान के जवाबी मिसाइल और ड्रोन हमले में मध्य इजरायल में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं एक महिला घायल है। जंग में अबतक 1230 ईरानी लोग मारे गए हैं। वहीं लेबनान में 397 जबकि इजरायल में 11 लोगों की जान गई है। मानवाधिकार संस्था ह्यूमन राइट्स वॉच का दावा है कि इजरायल ने दक्षिणी लेबनान के योमोर गांव में सफेद फॉसफोरस से हमला किया। लोकेशन और सात तस्वीरों से दावा किया गया है कि इजरायल ने हमले से पहले पूरे क्षेत्र को खाली करने का आदेश दिया था।

### सफेद फॉस्फोरस बेहद घातक

ह्यूमन राइट्स वॉच में शोधकर्ता के रूप में काम करने वाले राजमी कैस ने बताया कि सफेद फॉसफोरस का इस्तेमाल बड़े भवनों में आग लगाने के लिए किया जाता है। इसकी चपेट में आने वाला इंसान पूरी तरह जलकर खाक हो सकता है। चपेट में आने वाले लोगों को सांस लेने में तकलीफ होती है। शरीर के अंग काम करना बंद कर सकते हैं। इजरायल ने इसके इस्तेमाल के दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

इजरायल की सेना ने बेरूत में ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड के पांच वरिष्ठ कमांडरों को मार गिराया है। इजरायली सेना ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट में बताया कि उसने आईआरजीसी के लेबनान कॉर्प्स के कुद्स फोर्सेज के पांच कमांडरों को मारा है। मारे जाने वाले अधिकारियों में लेबनान कमांडर कॉर्प्स के प्रमुख दावोद अली जादेह, लेबनान में ईरान समर्थित लड़ाकों को फंड मुहैया कराने वाले माजिद हसीनी, इंटेलिजेंस सेक्टर के कमांडर अली रेजा व दो अन्य कमांडरों को मार गिराया।

### बहरीन की सबसे बड़ी तेल कंपनी पर ईरान का हमला

उधर, ईरान ने बहरीन की सरकारी तेल कंपनी बापको एनर्जीज पर सोमवार को हमला बोला। आशंका है इससे आपूर्ति व्यवस्था लड़खड़ा सकती है। बापको एनर्जीज ने अपनी गतिविधि पर ह्यफोर्स मेज्योरह्य अप्रत्याशित घटना घोषित किया है। मतलब कि अगर किसी वजह से तेल की सप्लाई प्रभावित होती है तो कंपनी उसके लिए जिम्मेदार नहीं मानी जाएगी क्योंकि हालात उसके नियंत्रण से बाहर हैं। बापको एनर्जीज बहरीन की मुख्य तेल रिफाइनरी चलाने वाली कंपनी है।

### बैलिस्टिक मिसाइल रोकी

तुर्किए ने कहा है देश के भीतर आ रही एक बैलिस्टिक मिसाइल को नाटो ने रोका है। तुर्किए के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ईरान से जंग के बाद ये दूसरी मिसाइल है जिसे रोका गया है।



### भारतीय नागरिक बहरीन में सतर्क रहें : सरकार

भारत सरकार ने सोमवार को बहरीन में रह रहे भारतीय नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। बहरीन स्थित भारतीय दूतावास ने एक परामर्श में कहा, भारतीय नागरिकों से अनुरोध है कि वे बहरीन स्थित भारतीय दूतावास और स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी अद्यतन जानकारी और सलाह का पालन करें। बहरीन स्थित भारतीय दूतावास सामान्य रूप से कार्य कर रहा है। दूतावास ने सलाह जारी करते हुए कहा कि फंसे भारतीय नागरिकों, विशेषकर पर्यटक या अल्पकालिक वीजा धारकों को प्राथमिकता दी जा रही है।

## तेल संसाधनों के पीछे पड़ा अमेरिका

ब्रह्मास्त्र ›› तेहरान

जंग के बीच ईरान ने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वो संघर्ष के बीच इस्लामिक गणराज्य को विभाजित करने और उसके तेल संसाधनों पर कब्जा करने की योजना बना रहा। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को तेहरान में मीडिया से बात करते हुए ये बात कही।

ईरान ने कहा, अमेरिका का उद्देश्य ईरान के विशाल ऊर्जा भंडार पर अवैध कब्जा हासिल करना है। अमेरिका और इजरायल का मकसद ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन करना और देश को कमजोर करना है। उन्होंने कहा कि अमेरिका का उद्देश्य ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन करना, हमारे लोगों को हराना और हमारी मानवता को कमजोर करना है। ईरान का मुख्य ध्यान अपने क्षेत्र और संप्रभुता की रक्षा करना है, क्योंकि हम दुश्मनों द्वारा किए जा रहे क्रूर और भीषण हमलों का सामना कर रहे हैं। प्रवक्ता ने दावा किया कि संघर्ष बढ़ने से पहले ईरान कूटनीतिक प्रयासों और कई दौर की बातचीत में शामिल था। अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ दिए गए बयान उनके सैन्य हमलों को सही ठहराने की कोशिश हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका का उद्देश्य ईरान तेल संसाधनों पर अवैध नियंत्रण हासिल करना है। अगर वे ईरान और वेनेजुएला दोनों के तेल पर नियंत्रण कर लेता है तो दुनिया के 31 प्रतिशत तेल संसाधनों पर उनका नियंत्रण हो जाएगा। तुर्किए ने उत्तरी साइप्रस में लड़ाकू विमान और वायु रक्षा प्रणाली को तैनात कर दिया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि हर स्थिति पर नजर रखी जा रही है। जरूरत पड़ने पर और कड़े फैसले लिए जाएंगे। मालूम हो कि साइप्रस स्थित ब्रिटेन के एयरबेस को ईरान ने ड्रोन से निशाना बनाया था। उत्तरी साइप्रस में तुर्किए के करीब 30 हजार सैनिक तैनात हैं। हर गतिविधि पर करीब से नजर रख रहे हैं।

## ट्रम्प बोले- ऑस्ट्रेलिया ईरान की महिला खिलाड़ियों को शरण दे: नहीं तो अमेरिका देगा

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग का आज दसवां दिन है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऑस्ट्रेलिया से अपील की है कि वह ईरान की महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को शरण दे। ट्रम्प ने कहा कि अगर उन्हें ईरान वापस भेजा गया तो उनकी जान को खतरा हो सकता है और यह एक बड़ी मानवीय गलती होगी। यह मामला ऑस्ट्रेलिया में चल रहे महिला एशियन कप के दौरान सामने आया। दरअसल 28 फरवरी को ईरान पर हमले के बाद महिला टीम ने राष्ट्रगान नहीं गाया था, जिसे सरकार के खिलाफ विरोध के रूप में देखा गया। इसके बाद ईरानी मीडिया में खिलाड़ियों को 'देशद्रोही' बताया गया और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। ट्रम्प ने टुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा कि अगर इन खिलाड़ियों को ईरान भेजा गया तो उन्हें गंभीर सजा का सामना करना पड़े या उनकी जान भी जा सकती है।

# ट्रम्प की धमकी- ईरान पर 20 गुना ताकत से हमला

ब्रह्मास्त्र ›› फ्लोरिडा

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का 11वां दिन है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार रात ईरान पर बड़े हमले की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज स्टेट में तेल की सप्लाई रोकने की कोशिश की, तो अमेरिका उस पर 20 गुना ज्यादा ताकत से हमला करेगा। दुश्मन के पूरी तरह खत्म होने तक यह जंग जारी रहेगी।

ट्रम्प ने यह भी बताया कि युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ईरान में अब तक 5,000 से ज्यादा ठिकानों पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि कुछ बहुत अहम ठिकानों को अभी जानबूझकर नहीं निशाना बनाया गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर बाद में कार्रवाई की जा सके।

फ्लोरिडा के डोरल शहर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और इजराइल ने इस युद्ध में काफी बड़ी बढ़त हासिल कर ली है और हो सकता है कि यह लड़ाई जल्द खत्म हो जाए, लेकिन फिलहाल मिलिट्री ऑपरेशन जारी रहेगा।

ईरान से जारी जंग के बीच ट्रम्प ने ऑस्ट्रेलिया से अपील की है कि वह ईरान की महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को शरण दे। ट्रम्प ने कहा कि अगर उन्हें ईरान वापस भेजा गया तो उनकी जान को खतरा हो सकता है और यह एक बड़ी मानवीय गलती होगी।



# ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा को रूस और चीन का समर्थन

ब्रह्मास्त्र ›› मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मुजतबा खामेनेई को ईरान का सर्वोच्च नेता चुने जाने पर बधाई दी है। पुतिन ने कहा कि उम्मीद है कि आप अपने पिता के बनाए मानदंडों पर चलेंगे और ईरान के लोगों का ख्याल रखेंगे। चीन भी ईरान के समर्थन में है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि जंग के बीच रूस ईरान को हर संभव समर्थन देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि ईरान मौजूदा समय में संघर्ष के दौर से गुजर रहा लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि आप अपने पिता के लक्ष्यों को पूरा करेंगे। वहीं चीन ने कहा है कि मुजतबा की नियुक्ति ईरान का आंतरिक मामला है। हम सभी को ईरान की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान ने अपना सर्वोच्च नेता अपने नियमों व संविधान के अनुसार चुना है और ये उसका आंतरिक मामला है। हम सभी को उसके फैसले का सम्मान करना चाहिए। इस मामले में किसी को दखल देने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि ईरान के मसले में दूसरे देशों की संलिप्तता का वो विरोध करता है। बीजिंग हमेशा से ईरान के साथ संबंधों को महत्व देता है और आगे भी देता रहेगा।



8 सितंबर, 1969 को पूर्वी ईरान के पवित्र शहर मशहद में जन्मे मोजतबा अली खामेनेई के दूसरे बड़े बेटे हैं। 1979 में हुई इस्लामी क्रांति के बाद नए ईरानी शासन के प्रभावशाली दायरे में आए। मुजतबा ने अलवी हाई स्कूल में पढ़ाई की, जिसे अक्सर शासन से जुड़े प्रभावशाली लोगों को तैयार करने वाले संस्थान के रूप में देखा जाता है। पढ़ाई के बाद उन्होंने कोम शहर में रूढ़िवादी धर्मगुरुओं के मार्गदर्शन में शिक्षा हासिल की। 17 की उम्र में उन्होंने ईरान-इराक युद्ध में सेवा भी की।

### रिवोल्यूशनरी गार्ड, सुरक्षा बलों पर अंतिम नियंत्रण

इस पद पर मुजतबा ईरान के आर्म्ड फोर्सेस के कमांडर-इन-चीफ हैं। उनके पास इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स और सुरक्षा बलों पर अंतिम नियंत्रण होगा। वो सभी बड़ी नीतियों- विदेश, रक्षा, न्यूक्लियर, न्याय पर अंतिम फैसला देंगे। ईरानी प्रशासन में परदे के पीछे काम करने से अभी तक नीतियों के बारे में पूरी जानकारी नहीं है। खामेनेई को संस्थानों के बीच संतुलन बनाने के लिए जाना जाता था। वहीं मुजतबा को सुरक्षा प्रतिष्ठान को आगे बढ़ाने के रूप में देखा जाता है।


## पाक ने भारतीय सेना प्रमुख का नकली वीडियो चलाया

ब्रह्मास्त्र ›› मॉस्को

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भले ही पाकिस्तान के तेवर शांत पड़ गए हों, लेकिन भारत के लिए खिलाफ उसने सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार युद्ध छेड़ रखा है। पीआईबी फैक्ट चेक में पाकिस्तान की हालिया करतूत को पकड़ा गया है, जिसमें उसने भारतीय सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी का एआई वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करा दिया था। इसमें यह कहते दिखाया गया है कि इजरायल के रणनीतिक सहयोगी होने के नाते उन्होंने ईरानी पोत आईआरआईएस डेना की सही लोकेशन की जानकारी उपलब्ध कराई। भारत के नौसेना अभ्यास में हिस्सा लेने आए इस पोत को अमेरिका और इजरायल ने उस समय मार गिराया, जब वह भारतीय समुद्री सीमा से निकलकर अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में पहुंच चुका था। सेना की तरफ से कहा गया पीआईबी फैक्ट चेक में वीडियो की जांच हुई तो पाया गया कि इसे पाक सोशल मीडिया अकाउंट से अपलोड किया गया है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | |
| 9 | 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | 11 | |
| 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 |
| 23 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | |
| | ■ | 25 | 26 | | 27 | 28 | ■ | |
| 29 | | | | ■ | 30 | | | |

**बाएं से दाएं**

1. दुर्व्यवहार, बुरा आचरण-4
4. पंजाब की एक नदी-4
7. अनाथालय-5
9. दूसरा, पराया-2
11. चलने का तरीका-2
12. नृत्य-2
13. समीप, पास, नजदीक-3
15. बुरी आदत-2
16. नृत्य करना-3
17. प्रलोभन, हवस, तृष्णा-3
18. मालिक, ईश्वर-2
19. निहित, कारण-3
21. भाग्य (अंग्रेजी-2)
23. थूक, लेस2
24. नवीन, नव-2
25. नयापन, अनूठापन-5
29. नामवाला, नामचिन-4
30. करिश्मा, चमत्कार-4

**ऊपर से नीचे**

1. मनोरचना, मनगढ़ंत-4
2. कोक, कहवा-2
3. कामदेव की पत्नी-2
4. मित्र, दोस्त-2
5. पेड़ का मध्यम भाग-2
6. नादानी, अनाड़ीपन-4
8. बंदर नचाने वाला-3
10. रचना करने वाला-5
11. आचरण, चरित्र-5
13. कपड़े की दीवार-3
14. उठा ले जाना, बलपूर्वक-3
18. पूजा, प्रार्थना-4
20. खूबसूरत, सुंदर-3
22. कहर, भूचाल-4
25. नया, जीवन-2
26. शूर, बहादुर, सूरमा-2
27. अवधि में, पर्यंत-2
28. मृत, अप्रबल-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | क | थ | न | ■ | सौ | धा | प | न |
| झ | ■ | ■ | अ | क | र | ■ | ■ | म |
| ल | ■ | आ | र | ■ | त | र | ■ | की |
| क | म | र | बं | द | ■ | म | हा | न |
| ■ | गु | ■ | द | ■ | प | ■ | शि | ■ |
| म | न | का | ■ | प | रि | वा | र | क |
| द | ■ | का | र | ■ | चा | ल | ■ | ह |
| म | ■ | ■ | इ | म | ला | ■ | ■ | वा |
| ला | र | ही | न | ■ | क | हा | नी | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 36 | | 26 | | 64 | | 44 | = | 30 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 32 | | 63 | | 50 | | 15 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 4 | | 40 | | 10 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 22 | | 11 | | 8 | | 17 | = | 33 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 32 | | 74 | | 46 | | 36 | = | 73 / 21 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ब | र | बो | ए | ब्री | स | प | ला | नी | क |
| धु | है | क | ज | ई | ह्ये | ने | ह | ई | म | ल |
| म | क्या | दि | ल | ने | क | हा | ड | सा | प | नि |
| डु | रा | ल | मा | ज | ल | स | रा | न | इ | ही |
| को | ई | मे | रे | दि | ल | से | पु | छे | क | नि |
| द | जे | कि | र | क | पा | क्ष | म | न | रि | या |
| शी | मा | दे | प्या | व | था | य | अ | म | क | ती |
| ट | टे | श | रे | न | प | य | यु | पु | व | ला |
| स | दि | ल | मो | ले | दा | र | जा | वा | वी | दे |
| क्षि | ज | ति | ह | हि | द | ह | मा | द | ल | र |
| त | र | सु | न | मा | ख | रा | ज | त | र | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | | 6 | 2 |
| | 31 | 1 | 25 | 5 | 33 | |
| 3 | | 5 | 4 | | 6 | 7 |
| | 27 | | 28 | 1 | 37 | 6 |
| 2 | | | 1 | | 5 | |
| | 36 | 6 | 37 | 3 | 35 | |
| | | 4 | | | 2 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पति - आज खाना
क्यों नहीं बनाया?
पत्नी - गिर गई थी और लग गई।
पति - कहां गिर गई
और कहां लगी?
पत्नी - तकिए पर
गिर गई थी और
आंख लग गई थी।
000000000
पप्पू - नींद के पीछे मत भागो।
गप्पू - फिर?
पप्पू - भागना है तो
पढ़ाई के पीछे भागो...
नींद झक मार के आएगी।
000000000
टीचर - भारत की सबसे
खतरनाक नदी कौन सी है?
स्टूडेंट - भावना।

टीचर - कैसे?
स्टूडेंट - क्योंकि सब
इसमें बह जाते हैं।
टीचर बेहोश!
000000000
संता - पंजाब एक्सप्रेस
कब आएगी?
टीटी - पांच बजे।
संता - लोकल?
टीटी - 9 बजे... आपको
जाना कहां है?
संता - कही नहीं...
बस पटरी पर लेटकर
सेल्फी लेनी है।
000000000
सोनू मोनू आपस में बात
कर रहे थे
सोनू - यार मैं अपनी गर्लफ्रेंड को

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# चिंताजनक : मध्य पूर्व में संघर्ष के चलते कच्चे तेल के दाम 30% तक उछले

**ईरान-इजरायल तनाव ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को झटका देना शुरू कर दिया है। कच्चे तेल के दाम सोमवार को 30% उछलकर 119 डॉलर प्रति बैरल तक छू गए जिससे दुनिया के शेयर बाजारों में भारी गिरावट आई। इन घटनाओं से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति, व्यापार और वित्तीय बाजारों पर दबाव बढ़ गया है। इससे अर्थव्यवस्था के लड़खड़ाने के संकेत मिल रहे हैं।**

कच्चे तेल के दाम बढ़ने से वित्तीय अनिश्चितता की आशंका में वैश्विक शेयर बाजारों में जोरदार बिकवाली हुई। आने वाले दिनों में पूरी दुनिया में माल ढुलाई 20% तक महंगी होने की आशंका है। हॉर्मुज के रास्ते तेल और एलएनजी की आपूर्ति अटकने से चीन, भारत, जापान जैसे देशों की ऊर्जा सुरक्षा खतरे में है। आईएमएफ सहित कई संस्थाओं ने चेतावनी दी है कि संघर्ष लंबा खिंचा तो दुनिया कम विकास और अधिक महंगाई की स्थिति में जा सकती है। वहीं, स्कॉटलैंड की संस्था वुड मैकेंजी ने महामंदी की चेतावनी दी है। इस बीच भारत ने कहा कि वह अपना रिजर्व तेल भंडार जारी नहीं करेगा।

# वैश्विक बाजारों में बड़े नुकसान के संकेत

## दुनिया की अर्थव्यवस्था लड़खड़ाई....

### संघर्ष का अब तक असर...

**104** डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचा कच्चे तेल का भाव 119 से गिरकर

**70%** तक गिर गया होर्मुज मार्ग पर टैंकर और कंटेनर ट्रैफिक

**200** से अधिक जहाज खाड़ी देशों के बाहर अटके हुए हैं

**05%** तक की गिरावट आई दुनियाभर के शेयर बाजारों में



**भारत**

**22.40** लाख करोड़ का नुकसान हुआ निवेशकों को अब तक

- छह कारोबारी सत्रों में पांच फीसदी से अधिक गिरावट
- सेंसेक्स 4,682.45 और निफ्टी 1,468.5 अंक गिरा
- वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम 114.5 रुपये, घरेलू एलपीजी 60 रुपये महंगी

**अमेरिका**

- अमेरिका में पेट्रोल और गैस की कीमतें लगभग 17% तक बढ़ गई हैं

**चीन**

- 2026 के लिए जीडीपी का लक्ष्य घटाकर 4.5 से 5 फीसदी के बीच तय किया

## महंगाई पर नहीं पड़ेगा कोई खास असर: सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का महंगाई पर खास असर पड़ने की संभावना नहीं है क्योंकि देश में मुद्रास्फीति पहले से ही अपने निचले स्तर के करीब है। सीतारमण ने कहा कि वैश्विक कच्चे तेल और भारतीय बास्केट दोनों की कीमतों में पिछले एक वर्ष से लगातार गिरावट का रुख था। संघर्ष शुरू होने के बाद से इसमें तेजी आई है। वित्त मंत्री ने कहा, ह्यफरवरी के अंत से दो मार्च, 2026 तक कच्चे तेल की कीमत 69.01 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 80.16 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई। चूंकि भारत में मुद्रास्फीति अपने निचले स्तर के करीब है, इसलिए फिलहाल महंगाई पर इसका प्रभाव महत्वपूर्ण नहीं माना जा रहा है ह्न मंत्री ने कहा कि अनुमान लगाया गया था कि यदि कच्चे तेल की कीमत अनुमानों से 10% अधिक होती हैं और कीमतों पर इसका प्रभाव पड़ता है, तो मुद्रास्फीति 0.3% तक बढ़ सकती है।

### आगे संभावना

**दुनिया में...**

- वैश्विक जीडीपी में 2% गिरावट संभव
- कच्चा तेल 150 डॉलर तक पहुंच सकता है
- वैश्विक महंगाई में 2% तक वृद्धि संभव

**भारत में...**

- राजकोषीय घाटे में बढ़ोतरी हो सकती है
- महंगाई में इजाफा
- एलएनजी, एलपीजी का संकट संभव
- कमजोर रुपये से विदेशी निवेश घटेगा

## कच्चा तेल हर माह डालेगा आठ अरब डॉलर का बोझ

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊर्जा की कीमतों में आए उछाल से भारत को हर महीने सात-आठ अरब डॉलर का अतिरिक्त विदेशी मुद्रा नुकसान झेलना पड़ सकता है। विश्लेषकों का मानना है कि इससे देश में मुद्रास्फीति और चालू खाता घाटा (कैड) बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, जहां कच्चे तेल की कीमतें 66 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर लगभग 120 डॉलर तक पहुंच गई हैं, वहीं तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की दरें भी दोगुनी से अधिक होकर 24-25 डॉलर प्रति ब्रिटिश थर्मल यूनिट हो गई हैं।

क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा कि भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, जिससे इसकी अर्थव्यवस्था वैश्विक तेल कीमतों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हो जाती है। देश हर दिन लगभग 50 लाख बैरल तेल की खपत करता है और अपनी आधी प्राकृतिक गैस की जरूरत भी आयात से ही पूरी करता है।

सेठी ने आगाह किया कि कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से भारत को हर महीने सात-आठ अरब डॉलर (120 डॉलर/बैरल) का अतिरिक्त विदेशी मुद्रा भुगतान करना पड़ सकता है।

रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में 10 डॉलर की हर बढ़ोतरी चालू खाता घाटा बढ़कर जीडीपी के 1.9-2.2 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कच्चे तेल की कीमतों का असर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की तुलना में थोक मूल्य सूचकांक पर अधिक पड़ता है।

## तेल और गैस का संकट गहराता देख शेयर बाजार ने लगाया गोता

पश्चिम एशिया में बिगड़ते हालात और कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल के कारण भारतीय शेयर बाजारों में सोमवार को भारी गिरावट आई। सेंसेक्स 1,352.74 अंक टूटकर 78,000 से नीचे फिसल गया। वहीं, निफ्टी भी 422.40 अंक लुढ़क गया। दोनों सूचकांक 10 महीने के निचले स्तर पर आ गए।

बाजार विश्लेषकों के अनुसार, मध्य-पूर्व की जंग खतरनाक मोड़ ले रही है, जिसके सोमवार को कच्चे तेल के दाम करीब 30 फीसदी उछलकर 119 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए। साथ ही विदेशी निवेशकों की तेज निकासी और रुपये के निचले स्तर पर पहुंचने से भी शेयर बाजार में घबराहट बढ़ गई। इसके चलते चौतरफा तेज बिकवाली हुई। इससे सुबह के कारोबार सत्र में सेंसेक्स ने 2,494 अंक को गोता लगा दिया था। वहीं, निफ्टी भी 752.65 अंक तक लुढ़क गया था।



### ये क्षेत्र सबसे ज्यादा टूटे : ऑटो, बैंकिंग, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, धातु और रसायन

इस बीच खबर आई कि जी-7 देश अपने रणनीतिक भंडार से कच्चा तेल जारी करने पर चर्चा कर रहे हैं। इससे कच्चा तेल लुढ़क कर 102 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इससे बाजार में घबराहट कुछ कम हुई और सेंसेक्स-निफ्टी निचले स्तर से तेजी से ऊपर उठ गए। हालांकि देर रात जी-7 सदस्य देशों ने अपने वित्त मंत्रियों की बैठक के बाद कहा, 'हम अभी उस स्थिति में नहीं पहुंचे हैं जहां भंडार खोलने की जरूरत हो।'

घरेलू शेयर बाजारों में 26 फरवरी के बाद छह कारोबारी दिवस में यह पांचवीं बड़ी गिरावट है। इन छह दिनों में सेंसेक्स 4,682.45 अंक (5.69 प्रतिशत) और निफ्टी 1,468.5 अंक (5.76 प्रतिशत) उतर चुका है। वहीं, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई/ एफपीआई) छह सत्रों में करीब 35 हजार करोड़ से अधिक की बिकवाली कर चुके हैं। इस दौरान निवेशकों को करीब 22.40 लाख करोड़ का नुकसान हो चुका है।

### कच्चा तेल : साढ़े तीन साल बाद 100 डॉलर के पार

पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनैतिक संकट के चलते सोमवार को कच्चे तेल के दाम में तेज उछाल आया और यह साढ़े तीन साल बाद 100 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गया। लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा 99.75 डॉलर प्रति बैरल पर खुला और एक समय 119.50 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया था। खबर लिखे जाते समय यह 12.80 प्रतिशत ऊपर 104.55 डॉलर प्रति बैरल पर था।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 10 मार्च, 2026

## सुभाषितानि

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते।।

**भावार्थ** : धर्म की रक्षा सत्य से, ज्ञान से अभ्यास से, रूप से स्वच्छता से और परिवार की रक्षा आचरण से होती है।

नास्ति सत्यसमो धर्मो न सत्याद्विद्यते परम्।
न हि तीव्रतरं किञ्चिदनृतादिह विद्यते।।

**भावार्थ** : सत्य के समान दूसरा कोई धर्म नहीं है। सच के सिवाय कुछ नहीं। झूठ से ज्यादा तीव्र कुछ भी नहीं है।

## सम्पादकीयम्

### अमेरिकादेशे दबावः

अमेरिकादेशे दबावः द्विपक्षीयव्यापारः सम्प्रति मास्को-पक्षे तिर्यक अस्ति, भारते च एतस्य सन्तुलनस्य अवसरः अस्ति। यूरेशियन आर्थिकसङ्घेन सह मुक्तव्यापारसम्झौतेन व्यापारस्य सुविधा भविष्यति। सम्प्रति चर्चाः प्रचलन्ति। भारत-रूसयोः मध्ये अयं सम्झौताः अमेरिकादेशे अपि दबावं जनयिष्यति, यस्य दलं आगामिसप्ताहे व्यापारसम्झौतेः वातार्यां भारतं गन्तुं निश्चितम् अस्ति। तैलक्रयणम् : पुटिन् भारताय तैलस्य आपूर्तिं निरन्तरं करिष्यामि इति उक्तवान्। एतत् महत्त्वपूर्णं यतः भारतस्य रूसीतैलक्रयणस्य महती समस्या अमेरिकादेशः अस्ति। परन्तु यः देशः स्वस्य कच्चे तैलस्य आवश्यकतायाः ८५% भागं विदेशात् क्रीणाति तस्य कृते मूल्येषु अल्पं न्यूनीकरणं अपि महत्त्वपूर्णं भेदं जनयति। एकस्याः प्रतिवेदनस्य अनुसारं रूसदेशात् तैलस्य आयातस्य वर्धनेन प्रथमवर्षद्वये भारतस्य लाभः प्रायः १३ अरब डॉलरः अभवत्। रक्षासम्बन्धः - एषा यात्रा भारत-रूसयोः रक्षासहकार्यं अधिकं वर्धयितुं शक्नोति। ऑपरेशन सिन्दूर इत्यस्य समये एस-४०० रक्षाप्रणाल्याः प्रभावशालिनः प्रदर्शनस्य अनन्तरं भारतं अधिकानि यूनिट् क्रेतुं प्रयतते। परमाणु ऊर्जाक्षेत्रे अपि सहकार्यस्य वृद्धिः भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति। समग्रतया पुटिन् इत्यस्य भ्रमणेन द्वयोः देशयोः सम्बन्धस्य नूतनचरणस्य आरम्भः भविष्यति।

संजु सैमसनः ८९ रनस्य कृते बहिः गतः

# कप्तानः सूर्यकुमार यादवः सुवर्णबकस्य कृते बहिः अभवत्



ब्रह्मास्त्र ›› अहमदाबाद

न्यूजीलैण्ड्-देशः १६ तमे ओवरे किञ्चित् राहतं प्राप्तवान् यदा जिम्मी नीशमः एकस्मिन् ओवरे त्रीणि बृहत् विकेट्-आणि गृहीत्वा पुनः मेलने नखं स्थापयितुं प्रयत्नं कृतवान्। संजु सैमसनः ८९ रनस्य कृते बहिः गतः, तदनन्तरं ईशान किशनः, ततः कप्तानः सूर्यकुमार यादवः सुवर्णबकस्य कृते बहिः अभवत्। एते त्रयः आकस्मिकविकेटाः संक्षेपेण भारतीयपारीं स्थगितवान्।

तदनन्तरं भारतस्य धावन-दरः किञ्चित्कालं यावत् मन्दः अभवत्। हार्दिकपाण्ड्या, तिलकवर्मा च क्रीज-स्थले संघर्षं कृतवन्तौ, न्यूजीलैण्ड्-देशस्य गेन्दबाजाः च दबावं निर्वाहितवन्तौ। परन्तु अन्तिम-ओवर-क्रीडायां शिवम-दुबे-इत्यस्य विस्फोटक-बल्लेबाजीं कृत्वा भारतस्य पक्षे पुनः मेलनं कृतवान्। अन्तिमे ओवरे दुबे इत्यनेन २४ रनाः भग्नाः, येषु क्रमशः चतुःषट्काः च सन्ति। तस्य द्रुतगतिपारीद्वारा भारते २० ओवरेषु ५ विकेट् २५५ रनस्य विशालः कुलः प्राप्तः, टी-२० विश्वकप-इतिहासस्य तृतीयः सर्वोच्चः कुलः अभवत्।

२५६ लक्ष्यं अनुसृत्य न्यूजीलैण्ड् आक्रामकं आरम्भं कृतवान्। टिम सेइफट्, फिन् एलेन् च केचन उत्तमाः शॉट्-क्रीडां कृतवन्तौ, परन्तु भारतीय-गेन्दबाजाः शीघ्रमेव स्वपक्षे मेलनं कृतवन्तः। अक्षरपटेलः फिन् एलेन् इत्यस्य बहिः कृत्वा भारतस्य प्रथमं सफलतां प्रदत्तवान्। ततः जस्प्रीत बुमराहः स्वस्य घातकगेन्दबाजीं कृत्वा न्यूजीलैण्ड्-देशस्य बल्लेबाजीं खरखरितवान्।

बुमराहः रचिन् रविन्द्रं प्रथमेन एव कन्दुकेन बहिः कृतवान् ततः सटीक-योर्क-श्रृङ्खलाया, मन्द-प्रसवस्य च श्रृङ्खलायाम् कीवी-बल्लेबाजान् कष्टं कृतवान् अक्ष 'पटेलः अपि ग्लेन् फिलिप्स् इत्यस्य बहिः कृत्वा तेजस्वी गेन्दबाजीं कृतवान्। भारतीयक्षेत्रक्रीडकाः अपि केनचित् उत्तमेन पक्वेन दलस्य विजयं सुलभं कृतवन्तः। विकेटकीपरः इशान किशनः अनेकाः शानदाराः कैचः कृत्वा प्रेक्षकान् रोमाञ्चितवान्। मध्य-ओवर-मध्ये न्यूजीलैण्ड्-देशः अतीव दबावेन आगतवान्, नियमित-अन्तरालेषु विकेट्-आदयः अपि पतिताः। जसप्रीत बुमराहः स्वस्य अनुभवेन, सटीकरेखायाः, दीर्घतायाः च कारणेन बल्लेबाजान् खातं कृतवान्। सः चत्वारि विकेट् गृहीतवान्, न्यूजीलैण्ड्-देशस्य आशां प्रायः पूर्णतया क्षीणं कृतवान्।

पञ्चमम् च, अस्मिन्

## क्रमे सम्मुखीभूतानि आव्हानानि आवश्यकं च समर्थनम्

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

सामाजिकमाध्यमप्रभावकाः, समुदायनेतृभिः च सह संलग्नता। तृतीयम्, सामाजिकमाध्यमेन विभागीयजालस्थलेन च संचालिताः प्रसारकार्यक्रमाः। चतुर्थं, नवीनप्रचारप्रयासाः उत्तमप्रथाः च। पञ्चमम् च, अस्मिन् क्रमे सम्मुखीभूतानि आव्हानानि आवश्यकं च समर्थनम्।

सूत्रानुसारं मन्त्रालयः एतत् बोधयति यत् पुलिस-स्थानकैः उद्धार-कार्यक्रमेषु, अपराधिनां गृहीतुं, लापता-जनानाम् सुरक्षित-पुनः-परिवारेषु एकीकरणं, महिला-बाल-सुरक्षा-अभियानानि, मादक-द्रव्य-व्यसन-जागरूकता-कार्यक्रमाः, स्व-क्षेत्रेषु क्रियमाणानां सामुदायिक-पुलिस-उपक्रमानाम् च विषये सूचनाः प्रमुखतया साझाः करणीयाः अपि च, अपेक्षा अस्ति यत् प्रत्येकस्य पुलिस-स्थानकस्य आधिकारिकं सामाजिक-माध्यम-खातं सक्रियं भवेत्, तत्र नियमित-अद्यतन-पत्राणि च स्थापितानि भवेयुः। बीपीआर एण्ड डी इत्यनेन सुझावः दत्तः यत् राज्याः स्थानीयनागरिकाणां पहिचानं कुर्वन्तु येषां सामाजिकमाध्यमानां सशक्तपरिधिः विश्वसनीयता च। एतेषां प्रभावशालिनां व्यक्तिनां माध्यमेन सकारात्मकपुलिसपरिकल्पनाः व्यापकजनसामान्यं प्रति प्रसारयितुं शक्यन्ते। मन्त्रालयस्य मतं यत् यदा समुदायस्य सम्माननीयाः सदस्याः पुलिसप्रयत्नानाम् प्रशंसाम् कुर्वन्ति तदा तेषां प्रभावः गहनः अधिकस्थायिश्च भवति। एतेन पुलिस-नागरिकाणां मध्ये संचारः अपि सुदृढः भवति। अन्तिमेषु वर्षेषु अनेके राज्याः पुलिसस्य प्रतिबिम्बं सुधारयितुम् सामाजिकमाध्यमानां सफलतया उपयोगं कृतवन्तः।

## डिजिटल-मञ्चेषु प्रसारितेषु विडियोषु छायाचित्रेषु च धोनीः दलस्य

ब्रह्मास्त्र ›› अहमदाबाद

धोनी इत्यस्याः मैदानात् बहिः उपस्थितिः टीम इण्डिया इत्यस्य कृते प्रमुखः लकी आकर्षणम् मनोवैज्ञानिकं लाभः च इति दृश्यते। डिजिटल-मञ्चेषु प्रसारितेषु विडियोषु, छायाचित्रेषु च धोनीः दलस्य सदस्यैः सह समयं व्यतीतवान्, विशिष्ट-रणनीतीनां विषये चर्चां कुर्वन् दृश्यते, येन प्रशंसकानां आशाः अधिका सुदृढाः भवन्ति यत् अस्मिन् समये भारतं ट्राफीं जिगीषति इति टीम इण्डिया इत्यस्य सज्जतायाः विषये कप्तानस्य प्रशिक्षकस्य च नेतृत्वे खिलाडयः जालसत्रेषु कठिनं परिश्रमं कुर्वन्ति, तेषां प्रत्येकं चालनं च सामाजिकमाध्यमेषु निमेषे निमेषे अद्यतनं भवति। क्रिकेट्-विशेषज्ञाः पूर्व-महापुरुषाः च भारतीयदलस्य वर्तमानरूपं अपूर्वं इति उक्त्वा सूत्रेषु स्वमतानि साझां कृतवन्तः। प्रशंसकाः वदन्ति यत् धोनी इत्यस्य सल्लाहः वर्तमानदलस्य आक्रामकक्रीडा च भारतं विश्वविजेता भवितुं पर्याप्तम् अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : आज का दिन थोड़ा व्यस्त रह सकता है। हालांकि आपकी मेहनत और समझदारी से चीजें धीरे-धीरे संभल जाएंगी।

**वृषभ** : ऑफिस में वरिष्ठ आपकी बातों को महत्व दे सकते हैं। आर्थिक मामलों में स्थिति संतुलित रह सकती है।

**मिथुन** : सहयोग मिलने से काम आसानी से पूरे हो सकते हैं। पैसों के मामले में सोच-समझकर कदम बढ़ाना बेहतर रहेगा।

**कर्क** : किसी पुराने काम को पूरा करने का मौका मिल सकता है। आर्थिक मामलों में स्थिति सामान्य रहेगी।

**सिंह** : ऑफिस में अपनी बात समझदारी से रखें। पैसों के मामले में जल्दबाजी में कोई फैसला लेने से बचें।

**कन्या** : कोई नया काम शुरू करने का विचार भी बन सकता है। पैसों के मामले में स्थिति संतुलित रह सकती है।

**तुला** : किसी पुराने काम को पूरा करने का मौका मिल सकता है। पैसों के मामले में थोड़ा संयम रखना बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक** : पैसों के मामले में अनावश्यक खर्च से बचना बेहतर होगा। परिवार के साथ बातचीत से कई बातों का हल निकल सकता है।

**धनु** : कुछ अच्छे अवसर भी मिल सकते हैं। ऑफिस में आपकी मेहनत की सराहना हो सकती है।

**मकर** : कोई नई योजना बनाने का विचार भी आ सकता है। पैसों के मामले में स्थिति पहले से बेहतर हो सकती है।

**कुंभ** : किसी जरूरी काम को पूरा करने की योजना बन सकती है। पैसों के मामले में संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा।


**मीन** : ऑफिस में सहयोगियों का साथ मिलेगा। पैसों के मामले में स्थिति संतुलित रह सकती है।

## ज्योतिष/वास्तु

# 11 मार्च को गुरु होंगे मार्गी, मेष, वृषभ और मिथुन राशि वालों को मिलेंगे शुभ परिणाम

ज्योतिष में गुरु को शुभ और अच्छा फल देने वाला ग्रह माना जाता है। 11 मार्च को गुरु मिथुन राशि में मार्गी होंगे जो 2 जून तक रहेंगे फिर इसके बाद अपनी उच्च राशि कर्क में गोचर हो जाएंगे।

11 मार्च 2026 को धन, सुख और विवाह के कारक ग्रह देवगुरु बृहस्पति मिथुन राशि में मार्गी होने वाले हैं। यानी गुरु अब मिथुन राशि में गोचर रहते हुए सीधी चाल से चलेंगे। गुरु का मार्गी होना शुभ होता है। धनु और मीन राशि के स्वामी ग्रह गुरु 2 जून तक मिथुन राशि में रहेंग, फिर इसके बाद अपनी उच्च राशि कर्क में प्रवेश कर जाएंगे। आपको बता दें गुरु इस साल से अतिचारी है जो साल 2032 तक इस अतिचारी ही रहेंगे जिस कारण से ये एक साल में जल्दी-जल्दी राशि बदलेंगे। गुरु के मिथुन राशि में मार्गी होने की वजह से सभी 12 राशियों के जातकों



पर इसका विशेष प्रभाव पड़ेगा। ऐसे में आइए जानते हैं मेष, वृषभ और मिथुन राशि वालों पर किस तरह का प्रभाव देखने को मिलेगा।

**मेष राशि** – मेष राशि के जातकों के लिए देवगुरु बृहस्पति आपके नवम और बारहवें भाव के स्वामी होते हैं और 11 मार्च को गुरु के मिथुन राशि में मार्गी होने से यह आपके तीसरे भाव में होंगे। कुंडली का तीसरा भाव साहस, पराक्रम, जोश, भाई-बहनों का होता है। ऐसे में आने वाले दिनों के लिए गुरु के मार्गी होने के वजह से आपके साहस, पराक्रम और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आप अपने साहस के बल पर कोई बड़ा मुकाम हासिल करने में आपको कामयाबी मिलेगी। आपके संचार कौशल में वृद्धि होगी। व्यापार में नए-नए तरह के अनुबंध करने का अवसर मिल सकता है और नौकरीपेशा जातकों को प्रमोशन में वृद्धि हो सकती है।

**वृषभ राशि** – वृषभ राशि के जातकों के लिए देवगुरु बृहस्पति आपके अष्टम और द्वादश भाव के स्वामी होते हैं, जो 11 मार्च से मिथुन राशि में मार्गी होने के कारण यह आपके दूसरे भाव मे होंगे। कुंडली का दूसरा भाव धन, वाणी और परिवार का होता है। ऐसे में गुरु का इस भाव मे मार्गी होकर विराजमान होनाा आपके लिए अच्छा साबित होगा। धन प्राप्ति के अवसरों में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का बेहतर साथ मिलेगा। आपकी वाणी में मधुरता आएगी। आर्थिक पक्ष पहले की तुलना में मजबूत दिखाई देंगे। धन की स्थिति पहले के मुकाबले काफी बेहतर रहेगी। आने वाला समय आपके लिए अच्छा और उत्तम रहेगा। आपको इस दौरान पैतृक संपति से जुड़े मामलों में सफलता मिलेगी।

**मिथुन राशि**– देवगुरु बृहस्पति मिथुन राशि वालों के लिए सातवें और दसवें भाव के स्वामी होते हैं। जो 11 मार्च को गुरु का मिथुन राशि में मार्गी होना आपके पहले भाव में होगा। इससे आपके व्यक्तित्व और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। लंबे समंय तक आपको किसी योजना में फायदा होता मिल सकता है। करियर में कुछ अवसरों की प्राप्ति होगी। जो लोग व्यापार में हैं उनको इस दौरान अच्छा और मनचाहा परिणाम मिल सकता है। समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि देखने को मिलेगा। निवेश संबंधी योजनाओं के लिए दिन अच्छा रहेगा।

## खबर एक नजर...

### पुराने लेनदेन की बात पर हुए विवाद में छह घायल

**उज्जैन।** बड़नगर की व्यास कॉलोनी स्थित संजना पार्क के पास पुराने लेनदेन की बात को लेकर ऋतिक पिता सुरेश गहलोत निवासी शिवाजी पथ और सांवरिया कॉलोनी में रहने वाले सुमित पिता सुरेशचंद्र भाटी के बीच विवाद हो गया। दोनों के बीच कहासुनी के दौरान उनके दोस्त भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान मामला मारपीट में बदल गया। दोनों ओर से थप्पड़-मुक्कों के साथ लाठी डंडे चले। मारपीट में ऋतिक गहलोत के साथ उसके दो साथी अंकुश दुबे और अभिषेक दुबे भी घायल हो गए। दूसरी ओर से सुमित भाटी, मुकेश जाट और लोकेश गहलोत को चोट आई। विवाद का मामला बड़नगर थाना पुलिस के पास जहां दोनों ओर से एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए जाने लगे। पुलिस ने मामले में क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। दोनों ओर से घायलों को मेडिकल के लिए शासकीय अस्पताल भेजा गया। जहां से अंकुश दुबे उपचार के लिए उज्जैन चरक अस्पताल आ गया। अंकुश का कहना था कि लोकेश पार्षद का भाई है। उसके द्वारा रुपए मांगे जा रहे थे। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### घर में घुसकर परिवार पर पाइप डंडों से किया हमला

**उज्जैन।** माधवनगर थाना क्षेत्र के किशनपुरा में रविवार-सोमवार रात 11 बजे गजराजसिंह पिता धन्नालाल लोदवाल 58 साल के घर में घुसकर दिनेश, जतिन, सुमित, रोहित, आकाश, मुन्ना ने पाइप डंडे से हमला कर दिया। इस दौरान गुजराजसिंह, उसका बड़ा बेटा नितिन और परिवार की सदस्य सेवंती पति शंकर लाल मरमत 52 वर्ष घायल हो गए। हमला करने वाले जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। बताया जा रहा है कि गुजरात के छोटे बेटे कौशल से साड़ी के 2 हजार रुपए का लेनदेन हमला करने वालों से था जो क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। किशनपुरा में विवाद का मामला माधव नगर थाने पहुंचा जहां पुलिस द्वारा कौशल लोदवाल की शिकायत पर मारपीट करने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। गजराजसिंह को चोट लगने पर उन्हें शासकीय चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### सूरज के तेवर कड़क, तापमान पहुंचा 37 डिग्री

**उज्जैन।** मार्च माह का दूसरा सप्ताह शुरू हो चुका है। सूरज ने तेवर दिखना शुरू कर दिया है। सोमवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री पहुंच गया। जो सीजन का सबसे अधिक दर्ज हुआ है। दिन में बढ़ते तापमान के बीच रात का तापमान 15 डिग्री से कम दर्ज हो रहा है। जिसकी वजह शाम को 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही हवा बनी हुई है। 15 मार्च बाद रात के तापमान में भी तेजी आने लगेगी। मौसम विभाग के अनुसार अब गर्मी अपने चरम पर आना शुरू हो गई है। मार्च अंत तक प्रदेश के कई जिलों में तापमान 42 से 45 डिग्री पहुंच सकता है। अप्रैल-मई में भीषण गर्मी का दौर बना रहेगा। पिछले 2 दिनों से तापमान में आ रही तेजी को देखते हुए शहरवासियों ने गर्मी से बचने के जतन शुरू कर दिये है। इलेक्ट्रिनिक दुकानों पर कूलर की खरीददारी का सिलसिला शुरू हो चुका है। बाजार में गन्ने की चरखी दिखाई देने लगी है। कई तरह के शीतल पदार्थ बंद बोतलों में आ चुके है। इस बार ठंड के साथ बारिश, ओलावृष्टि का मौसम फरवरी माह तक बना रहा था। जिससे मौसम में नमी महसूस हो रही थी, अब सूरज के तेवर कड़क होते ही नमी का असर कम होने लगा है और गर्मी बढ़ने लगी है। कुछ दिनों में उमस भरा मौसम भी बनने लगेगा।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 890-7 | 127-0 |
| मेन बाजार | 270-9 | 356-4 |
| मिलन डे | 450-9 | 129-2 |
| मिलन नाइट | 580-3 | 368 -7 |

1 2 7

### चारधाम मंदिर के महामंडलेश्वर को बदनाम करने की रची थी साजिश

# धमकी देकर बनारस की महिला पर बनाया दबाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चारधाम मंदिर के महामंडलेश्वर को बदनाम करने के साथ ब्लैकमेल करने की साजिश का सोमवार खुलासा हुआ। बनारस की महिला ने मामले की शिकायत महाकाल थाना पुलिस को दर्ज कराई है। महिला का कहना था कि उसे पहले रूपयों का लालच दिया गया। वहीं अब धमकी देकर बुलाया गया था।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि बनारस के समरीन स्कूल के पास इंद्रानगर में रहने वाली रीता पति सुधीर मिश्रा ने रविवार को शिकायती आवेदन देकर बताया था कि उस पर चारधाम मंदिर के महामंडलेश्वर शांतिस्वरूपानंद महाराज के खिलाफ शोषण का झूठा प्रकरण दर्ज करने का दबाव बनाया जा रहा है। उसे जान से मारने की धमकी देकर बनारस से उज्जैन बुलाया गया है। वह दत्तअखाड़ा आश्रम में रूकी थी, जहां उसे कैमरे के सामने बयान देने के लिये कहा जा रहा था। उसने आश्रम के महंत आनंदपुरी जी, लोकेश शर्मा, संजय गोस्वामी को मामला बताया। दबाव बनाने में घनश्याम पटेल, मंदाकिनीपुरी शामिल है। थाना प्रभारी के अनुसार आवेदन जांच में लिया गया और मामले में मंदाकिनीपुरी निवासी गढ़कालिका मंदिर के पास उज्जैन और घनश्याम पटेल उज्जैन के खिलाफ बीएनएस की धारा 49, 61 (2), 232 (1), 351 (3), 296 (बी) और 3 (5) में प्रकरण दर्ज किया गया है। बनारस की महिला पर झूठा प्रकरण दर्ज कराने का दबाव बनाने वालों की तलाश शुरू कर दी गई।



#### बनारस आकर दी जान से मारने की धमकी

शिकायत दर्ज कराने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि 27 फरवरी को घनश्याम पटेल बनारस आया और दबाव बनाने लगा। उसने माना किया तो बोला कि मंदाकिनीपुरी तुम्हे जान से खत्म कर देगी। उसने बेटे के मोबाइल पर 2 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन कर संजय ट्रेवल्स की बस का टिकट वाट्सएप पर भेजा। डरकर वह 8 मार्च को उज्जैन पहुंची और दत्तअखाड़ा आश्रम में ठहरी। जहां घनश्याम पटेल कुछ मीडियाकर्मी को लेकर पहुंचा और वीडियो बनाकर बयान देने का दबाव बनाने लगा। मना करने पर गाली-गलौच की धमका रहा था। तभी आश्रम के मंहत का बताया।

#### महाकाल दर्शन के लिये आई थी उज्जैन

महाकाल थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराने वाले महिला ने बताया कि वह सफाई का काम करती है। कुछ समय पहले महाकाल दर्शन और क्षिप्रा परिक्रमा के लिये आई थी। उस दौरान काफी साधु संतों से मिली, उसी दौरान मंदाकिनीपुरी से पहचान हुई थी। क्षिप्रा परिक्रमा के समय लगा रहा था, उसने चारधाम मंदिर के पास किराये से मकान लिया था। वह चारधाम मंदिर के पूजा पाठ करने भी जाती थी। मुझे मंदाकिनीपुरी ने अपने आश्रम में एक सप्ताह के लिये खाना बनाने के लिये रखा, उसी समय घनश्याम पटेल ने बोला तुम शांति स्वरूपानंद के खिलाफ शोषण की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराओं। तुम्हे 50 हजार रुपए दिये जायेगें। मैने मना किया और बनारस लौट गई।

## तेज आवाज के साइलेंसर लगाकर दौड़ा रहे थे बुलेट



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

तेज आवाज के मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर बुलेट दौड़ाने वालों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। अभियान में चैकिंग के दौरान नागदा पुलिस ने 2 बुलेट जप्त की है।

नागदा पुलिस ने रविवार-सोमवार रात चैकिंग दौरान तेज आवाज के साइलेंसर लगाकर बुलेट दौड़ा रहे 2 युवकों को पकड़ा। एक बुलेट क्रमांक एमपी 13 ईएम 0940 देवराजसिंह निवासी भाटीसूडा की थी। दूसरी बुलेट क्रमांक एमपी 09 बीएल 3624 का चालक विजय प्रजापत था। दोनों ने बुलेट के साइलेंसर मॉडिफाइड कराये थे। जिसके चलते ध्वनि प्रदूषण तो हो रहा था वहीं यातायात के नियमों का उल्लघंन होने के साथ साइलेंसर से निकलने वाली तेज आवाज से गुजरने वाले भयभीत हो रहे थे। पुलिस के अनुसार दोनों बुलेट जप्त कर चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा में कार्रवाई की गई है। दोनों से कोर्ट जुमार्ना वसूला जायेगा। विदित हो कि शहर में भी यातायात और थाना पुलिस द्वारा कई सालों से तेज आवाज साइलेंसर बुलेट चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस लाखों रुपए के मॉडिफाइड सायलेंसरों पर रोड रोलर भी चला चुकी है। बावजूद बुलेट चलाने वालों में भय दिखाई नहीं दे रहा है।

## मायके में नवविवाहिता ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मायके आई हुई नवविवाहिता ने सोमवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसकी मौत हो गई। मामला नवविवाहिता से जुड़ा होने पर एफएसल टीम घटनास्थल पहुंची, वही तहसीलदार ने अस्पताल पहुंच परिजनों के बयान दर्ज किये।

भैरवगढ़ थाना एएसआई कैलाशचंद्र चौहान ने बताया कि ग्राम रलायता भोजा से पूजा पिता भगवानसिंह 22 वर्ष को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची, जहां सामने आया कि जहरीला पदार्थ खाया था। मामले में मर्ग कायम किया और बॉडी पोस्टमार्टम के लिये भेजी गई। इस दौरान सामने आया कि पूजा 2 माह से मायके में रह रही थी। सालभर पहले उसका विवाह घट्टिया तहसील में हुआ था। पूजा के निधन की खबर मिलने पर पति और ससुर पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचे थे। मामला नवविवाहिता से जुडा होने पर तहसीलदार को सूचना दी गई, जो पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचे और परिजनों से जानकारी ली। वहीं एफएसल टीम को अवगत कराया गया, जो घटनास्थल जांच के लिये पहुंची। एएसआई के अनुसार मायके और सुसराल पक्ष ने पूजा के आत्मघाती कदम उठाने के संबंध में किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दी। परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी। पूजा के पिता नगर निगम में कर्मचारी बताये जा रहे है।

#### परिवार के एकलौते पुत्र ने रस्सी से लगाई फांसी

उज्जैन। गीता कालोनी में रहने वाले युवक ने सोमवार सुबह रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। युवक परिवार के एकलौता पुत्र था। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव को फंदे से उतारा। दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। जीवाजीगंज थाना एएसआई यशवंत कछवाय ने बताया कि सुबह 10 बजे के लगभग गीता कालोनी में रहने वाले तृप्तजीत पिता नरेन्द्रसिंह टूटेजा 20 साल द्वारा घर में रस्सी से फांसी लगाने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद कर अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों के मृत घोषित करने पर मामले में मर्ग कायम कर बॉडी पीएम रूम पहुंचाई गई। दोपहर में पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि तृप्तजीत के पिता का 15 साल पहले निधन हो चुका है। वह मां के साथ रहता था, परिवार का एकलौता पुत्र था। एक बहन है, जो बैंगलूर में रहती है। परिजनों का यह भी कहना था कि तृप्तजीत ने सीए की परीक्षा दी थी। जिसमें वह पास नहीं हो पाया था। संभवतः इसी के चलते उसने मौत को गले लगाया है। एएसआई के अनुसार परिजनों के बयान दर्ज मामले की जांच शुरू की जायेगी।

# हत्या के आरोपियों को 33 माह बाद आजीवन कारावास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शराब पीने के दौरान विवाद होने पर हत्या करने वाले आरोपियों को 33 माह बाद न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। हत्या करने वालों ने एक को घायल भी किया था।

मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि 31 मई 2023 को रात में बहादूर पिता रामचंद्र, जीवन पिता भंवरलाल और सेवाराम पिता देवीलाल महिदपुर क्षिप्रा नदी की पुलिया पर बैठ शराब पी रहे थे। नशे में जीवन और सेवाराम के बीच विवाद हो गया था। सेवाराम ने अपने साथी जितेन्द्र को बुला लिया था। जितेन्द्र के आने पर उसके साथ सेवाराम ने बहादूर और जीवन पर लोहे की राड से हमला कर दिया था। घायल होने पर जीवन और बहादूर को महिदपुर अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर दोनों को उज्जैन रैफर किया गया। परिवार ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान जीवन की मौत हो गई। वहीं बहादूर भर्ती रहा। पुलिस ने मामले में हत्या की धारा 302/34 के साथ 3 (2) (अ) के साथ अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्याचार निवारण अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। 33 माह चली सुनवाई के बाद अनूसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम जिला उज्जैन विशेष न्यायाधीश अरविंदप्रतापसिंह चौहान ने फैसला सुनाते हुए आरोपी जितेन्द्र पिता राधेश्याम 29 वर्ष निवासी ग्राम सिंगदेवला जिला उज्जैन और सेवाराम पिता देवीलाल नाई 30 वर्ष ३० वर्ष निवासी-ग्राम सिवाबरा को आजीवन कारावास की सजा के साथ अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में अनुसंधान के दौरान प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के द्वारा अनुसंधान में विधिक परामर्श एवं साक्ष्य संकलन का मागदर्शन किया। वहीं प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक ईश्वरसिंह केलकर द्वारा पैरवी की गई।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com